पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 150

ग्वालियर, मंगलवार , 20 जुलाई, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

वन-टू-वन

बड़ी मात्रा में महिला, दलित, आदिवासी मंत्रियों का होना उत्साह का विषय होना चाहिएः पीएम मोदी

नई दिल्ली (ए)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद सत्र के पहले दिन कहा कि माननीय अध्यक्ष, मैं सोच रहा था कि आज सदन में एक उत्साह का वातावरण होगा क्योंकि बहुत बड़ी मात्रा में हमारी महिला सांसद मंत्री बनी हैं। आज मुझे खुशी होती कि बहुत बड़ी मात्रा में हमारे दलित भाई मंत्री बने हैं। खुशी होती आज हमारे आदिवासी शिड्यूल ट्राइब्स के सारे साथी बहुत बड़ी मात्रा में मंत्री बने हैं, सबको खुशी होती। पीएम मोदी ने कहा कि इस बार सदन में हमारे साथी सांसद जो किसान परिवार से हैं, ग्रामीण परिवेश के हैं, सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग से हैं, ओबीसी समाज से हैं, बहुत बड़ी मात्रा में उनको मंत्रिपरिषद में मौका मिला, उनका परिचय करने का आनन्द होता, हर बेंच पर से, बेंच को थपथपा करके उनका गौरव किया गया होता। लेकिन शायद देश के दलित मंत्री बने, देश की महिला मंत्री बने, देश के ओबीसी मंत्री बने, देश के किसानों के बेटे मंत्री बने, ये बात कुछ लोगों को रास नहीं आती है और इसलिए उनका परिचय तक नहीं होने देते हैं। और इसलिए माननीय अध्यक्ष, मंत्रिमंडल में नवनियुक्त सदस्यों को लोकसभा में Introduces समझा जाए।

मोदी सरकार की सत्ता की भूख ने लाखों लोगों को दाने-दाने को तरसा दिया

नई दिल्ली(ए)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि आपकी सत्ता की भूख ने लाखों को दाने-दाने को तरसा दिया। गांधी ने उस मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर हमला बोला, जिसमें दावा किया गया कि कोरोना वायरस संकट के दौरान मध्यम वर्गीय भारतीयों को भी राशन के लिए कतार में खड़ा होना पड़ा। जुमलाजीवी हैशटेग के साथ राहुल गांधी ने ट्वीट कर आरोप लगाया, आपकी सत्ता की भूख ने लाखों को दाने-दाने को तरसा दिया। आपने लेकिन कुछ ना किया, बस रोज़ नया जुमला दिया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विरोध-प्रदर्शन को बढ़ावा देने वालों पर निशाना साधते हुए उन्हें आंदोलनजीवी करार दिया था। मोदी सरकार पर पलटवार करते हुए कांग्रेस इस शब्द का उपयोग करती है।

राज्यसभा में सदन के उपनेता होंगे मुख्तार अब्बास नकवी

नई दिल्ली (ए)। केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवरी को राज्यसभा में उपनेता की जिम्मेदारी दी गई है। सोमवार को पार्टी सूत्रों की ओर से इस बारे में जानकारी दी गई है। बीजेपी सूत्रों ने कहा कि मुख्तार अब्बास नकवी को संसदीय राजनीति का लंबा अनुभव है। वह पीएम मोदी के पहले कार्यकाल में संसदीय कार्यमंत्री के तौर पर भी काम कर चुके हैं। इसलिए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। मुख्तार अब्बास नकवी को सभी दलों ने नेताओं से अपने अच्छे रिश्तों के लिए जाना जाता है। उन्हें ऐसे वक्त में यह जिम्मेदारी दी गई है, जब सदन में सरकार किसान आंदोलन, पेगासस जासूसी प्रकरण समेत कई मुद्दों पर विपक्ष के तीखे विरोध का सामना कर रही है। हाल ही में राज्यसभा के नेता के तौर पर भी बड़ा बदलाव किया गया है और पीयूष गोयल को यह जिम्मेदारी मिली है। वह अब तक राज्यसभा में उपनेता के तौर पर काम देख रहे थे। लेकिन अब उन्हें राज्यसभा का नेता बनाए जाने के बाद मुख्तार अब्बास नकवी को उनकी जगह पर लाया गया है।

संसद का मानसून सत्रः ; हंगामे के चलते लोकसभा स्थगित

मोदी नए मंत्रियों का परिचय देने खड़े हुए तो विपक्षी सांसदों ने की नारेबाजी

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के मानसून सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही। आज सबसे पहले नए सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इसके बाद मोदी नए मंत्रियों का परिचय देने खड़े हुए, तो विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। सदन की कार्यवाही शुरू होने के 8 मिनट बाद ही विपक्ष के शोर-शराबे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आपत्ति जताई। इसके बाद भी विपक्ष के सांसदों की नारेबाजी जारी रही, तो स्पीकर ने लोकसभा को 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। हंगामे पर मोदी ने कहा, मैं सोच रहा था कि आज सदन में उत्साह का वातावरण होगा क्योंकि बहुत बड़ी संख्या में हमारी महिला सांसद, दलित भाई, आदिवासी, किसान परिवार से सांसदों को मंत्री परिषद में मौका मिला। उनका परिचय करने का आनंद होता, लेकिन शायद देश के दलित, महिला, ओबीसी, किसानों के बेटे मंत्री बनें ये बात कुछ लोगों को रास नहीं आती है। इसलिए उनका परिचय तक नहीं होने देते। इसके बाद प्रधानमंत्री राज्यसभा पहुंचे। वहां भी मोदी के भाषण शुरू करते ही हंगामा शुरू हो गया। हंगामा बढ़ते देख पीएम ने लोकसभा में कही बातों को दोहराया और कहा कि मंत्रिमंडल में नवनियुक्त सदस्यों को राज्यसभा में इंट्रोड्यूस माना जाए। सत्र की शुरुआत से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों से सदन में शांति बनाए रखने की अपील की। संसद के बाहर पीएम ने मीडिया से कहा, मैं सभी सांसदों से आग्रह करूंगा कि वे तीखे से तीखे सवाल पूछें, बार-बार सवाल पूछें, लेकिन शांत वातावरण में सरकार को जानकारी

मॉनसून सत्र में 26 बिल पेश हो सकते हैं

मॉनसून सेशन के लिए लोकसभा में 2 फाइनेंशियल बिल समेत कुल 23 बिल लिस्टेड हैं। इनमें से 6 बिल पिछले सेशन से पेंडिंग हैं, जबकि 17 नए बिल हैं। नए लाए जाने वाले 17 बिल्स में से 2 को अध्यादेश की जगह लाया गया है। इस तरह मॉनसून सेशन में नए बिल की संख्या 15 रहेगी। सत्र 13 अगस्त तक चलना है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी लोकसभा में किसान कानून के खिलाफ स्थगन का प्रस्ताव देंगे। सरकार की कोशिश है कि सेशन हंगामे की भेंट न चढ़े, क्योंकि विपक्ष किसान आंदोलन और कोरोना के बहाने सरकार को घेरने की तैयारी में है। रविवार को हुई ऑल पार्टी मीटिंग में मोदी ने कहा कि सरकार संसद में सार्थक चर्चा के लिए तैयार है।

20 जुलाई को कोरोना पर बोलेंगे प्रधानमंत्री

बैठक में संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 20 जुलाई को पार्लियामेंट हाउस एनेक्सी में दोनों सदनों के सांसदों को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे कोरोना पर बोलेंगे। विपक्षी दलों ने इस पर आपत्ति जताई। उन्होंने इसे संसद के मानदंडों का दरकिनार करने की कोशिश बताया। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि संसद सत्र शुरू हो रहा है, इसलिए प्रधानमंत्री को हाउस में बोलना चाहिए। विपक्षी दलों के सूत्रों ने बताया कि नेताओं ने जोशी के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। कुछ ने सेंट्रल हॉल में दोनों सदनों की जॉइंट मीटिंग का भी सुझाव दिया। CPI(M) के जनरल सेक्रेटरी महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा कि पार्टी की हमेशा से यही स्थिति रही है।

बाहु पर वैक्सीन लगवाएं, बाहुबली बन जाएं : मोदी

प्रधानमंत्री ने सभी से कोरोना वैक्सीन लगवाने की अपील भी की। उन्होंने कहा, मैं आशा करता हूं कि आप सब को वैक्सीन का एक डोज लग गया होगा, लेकिन मेरी आप सब से प्रार्थना है कि सदन में कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने में सहयोग दें। ये वैक्सीन बाहु पर लगती है और जब वैक्सीन बाहु पर लगती है, तो आप बाहुबली बन जाते हैं। कोरोना के खिलाफ लड़ने के लिए बाहुबली बनने का यही तरीका है कि आपके बाहु पर वैक्सीन लगवा लीजिए।मोदी ने कहा कि अब तक 40 करोड़ से ज्यादा लोग कोरोना के खिलाफ लड़ाई में बाहुबली बन चुके हैं। आगे भी यह काम तेजी से किया जा रहा है। यह ऐसी महामारी है जिसने पूरे विश्व और मानव जाति को अपनी चपेट में लिया है।

कोरोना पर कल फ्लोर लीडर्स की बैठक

मोदी ने कहा, मैं चाहता हूं कि सदन में महामारी समेत सभी मुद्दों पर सार्थक चर्चा हो। सारे सुझाव भी सांसदों से मिलें, इससे कोरोना के खिलाफ लड़ाई में नयापन आ सकता है। कुछ कमी रह गई हो, तो उन्हें ठीक किया जा सकता है। मैंने सभी फ्लोर लीडर्स से भी चर्चा की है कि अगर वे कल (मंगलवार) शाम को समय निकालें तो उनसे पेंडेमिक के बारे में चर्चा करना चाहता हूं। मैं लगातार अलग-अलग मुख्यमंत्रियों से चर्चा कर रहा हूं। इसलिए सदन जब चल रहा है, तो इस पर बात करने में आसानी होगी।

2024 में ममता के दिल्ली कूच का ऐलान

दो दिन बाद दिल्ली, यूपी समेत कई राज्यों में ममता की वर्चुअल रैली, तृणमूल का चुनावी नारा होगा- जिसे देश चाहता है

नई दिल्ली। बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की पूरी जोर आजमाइश के बावजूद बड़े बहुमत से जीतने वाली ममता बनर्जी की नजर अब केंद्र की कुर्सी पर है। ममता बनर्जी ने सोमवार को 2024 लोकसभा चुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस का नारा जारी किया है- देश जादेर चाइछे यानी जिसे देश चाहता है। पूरा कोलकाता ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी की फोटो लगे पोस्टरों से पट गया है। जिनसे साफ जाहिर है कि ममता बनर्जी ने 2024 के चुनाव के लिए क्या लक्ष्य रखा है।

21 को वर्चुअल रैली करेंगी, यूपी और दिल्ली में स्ट्रीमिंग होगी

चुनावी कैंपेन की नई टैग लाइन तब जारी की गई है, जब 21 जुलाई को ममता पार्टी के शहीद दिवस का बड़ा प्रोग्राम करने जा रही हैं। 1993 में 21 जुलाई को पुलिस फायरिंग में 13 यूथ वर्कर्स की जान गई थी। 21 जुलाई को ममता बनर्जी एक वर्चुअल रैली करेंगी। इसकी स्ट्रीमिंग दिल्ली, उत्तर प्रदेश, असम, त्रिपुरा और दूसरी जगहों पर भी की जाएगी। पिछले साल इस दिन ममता ने अपने दफ्तर से पार्टी वर्कर्स को संबोधित

आफत की बारिशः उत्तराखंड में बादल फटने से 3 की मौत, 4 लापता

दिल्ली और मुंबई के कई इलाकों में पानी भरा

नई दिल्ली, एजेंसी

बारिश कहीं राहत लेकर आई है तो कहीं आसमान से आफत बरस रही है। मुंबई और दिल्ली में तेज बारिश के कारण कई निचले इलाकों में पानी भर गया है। उधर, उत्तराखंड में उत्तरकाशी जिले के मांडो गांव में रविवार को बादल फटने से 3 लोगों की मौत हो गई और 4 लापता हैं। एनटीआरएफ के टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है। उत्तराखंड के कई हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है। यहां ज्यादातर नदियां उफान पर हैं। गंगा, यमुना, भागीरथी, अलकनंदा, मंदाकिनी, पिंडर, नंदाकिनी, टोंस, सरयू, गोरी, काली, रामगंगा नदियां खतरे के निशान से कुछ ही नीचे बह रही हैं। हरियाणा के गुरुग्राम में रविवार रात तीन मंजिला इमारत गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मलबे में दो लोगों के फंसे होने की आशंका है। एक व्यक्ति को मलबे से सुरक्षित निकालकर अस्पताल भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि इमारत जर्जर हालत में थी। इसमें एक कंपनी का गोडाउन था। हादसे के वक्त इसमें कुछ मजदूर थे।

मुंबई, पुणे में भारी बारिश का अलर्ट

मुंबई में सोमवार सुबह से जारी तेज बारिश के कारण कुर्ला, सायन,

किंग सर्किल, अंधेरी सबवे, हिंदमाता और दादर में सड़कों पर पानी भर गया है। मौसम विभाग ने आज मुंबई, पुणे और आसपास में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इससे पहले रविवार को मुंबई में भारी बारिश के कारण हुए अलग-अलग हादसों में 30 लोगों की मौत हो गई। यहां कुछ समय के लिए लोकल ट्रेनों को रोकना पड़ा था और लंबी दूरी की कई ट्रेनों का रास्ता बदला गया था। सांताक्रूज मौसम विभाग के मुताबिक, 1 जून के बाद से मुंबई में 1,811 मिमी बारिश दर्ज की गई है, यह सितंबर के आखिर तक मुंबई में होने वाली सामान्य बारिश के 85त्न से भी ज्यादा है। आईएमडी के मुताबिक ये आंकड़ा 2,205 मिमी है। हालांकि 15 जुलाई तक मुंबई में सिर्फ 58.7त्न बारिश हुई थी, लेकिन पिछले तीन दिनों में मुंबई में 661.5 मिमी बारिश हुई है, मतलब सिर्फ तीन दिनों में मानसून ने मौसमी बारिश का 26.3 प्रतिशत अंतर पाट दिया है। रविवार को मुंबई में भारी बारिश के कारण हुए अलग-अलग हादसों में 30 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 17 लोगों की मौत चेंबूर में लैंडस्लाइड से हुई। 18 जुलाई तक राज्य में 15 प्रतिशत तक बारिश हो चुकी है। राज्यभर में 19 जुलाई तक आमतौर पर 394.3 मिमी बारिश होती है, परंतु असल में 453.6 मिमी बारिश हुई है।

दिल्ली-एनसीआर में सोमवार की सुबह तेज बारिश हुई है। इससे उमस भरी गर्मी से राहत जरूर मिली, लेकिन तेज बारिश से दिल्ली के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। बरसात से आईटीओ, एम्स के पास अरबिंदो मार्ग, मंडी हाउस के आसपास सड़क पर बारिश का पानी भर गया है, जिससे सुबह काम पर जाने वाले लोगों को खासी दिक?कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई इलाकों में ट्रैफिक जाम हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज दिल्ली में बादल छाए रहने के साथ हल्की से माध्यम बारिश होगी। जम्मू और कश्मीर के कुछ हिस्सों में सोमवार सुबह बारिश हुई।

जासूसी विवादः गृहमंत्री शाह बोले-

देश के विकास की राह में डाले जा रहे रोड़े, साजिशकर्ता सफल नहीं होंगे

नई दिल्ली। फोन टैपिंग व जासूसी कांड कांड को लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि भारत को विकास के पथ से भटकाने के लिए अड़चनें व रोड़े डालने वाले अपनी साजिशों में कामयाब नहीं होंगे। कुछ लोग वहीं पुराना राग अलाप रहे हैं और देश को विकास के रास्ते से उतारना चाहते हैं। गृह मंत्री शाह ने बयान जारी कर कहा कि विघटनकारी और अवरोधक शक्तियां अपने षड्यंत्रों से भारत की विकास यात्रा को नहीं रोक पाएंगी। मानसून सत्र देश में विकास के नए मापदंड स्थापित करेगा।

भारत को अपमानित करने का प्रयास

उन्होंने कहा कि आज संसद का मानसून सत्र शुरू हुआ और आज के घटनाक्रम को पूरे देश ने देखा। देश के लोकतंत्र को बदनाम करने के लिए मानसून सत्र से ठीक पहले कल देर शाम एक रिपोर्ट आती है, जिसे कुछ वर्गों द्वारा केवल एक ही उद्देश्य के साथ फैलाया जाता है कि कैसे भारत की विकास यात्रा को पटरी से उतारा जाए।

सिद्धू को पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष बनाने पर तंज

विजयवर्गीय का ट्वीट- राहुल को 'पप्पू' नाम देने वाले को बधाई

भोपाल

नवजोत सिंह सिद्धू को पंजाब प्रदेश कांग्रेस समिति का अध्यक्ष बनाने पर भाजपा नेताओं ने कांग्रेस को घेरा है। भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर तंज कसा है। विजयवर्गीय ने राहुल गांधी को कोट करते हुए लिखा- उनका पप्पू नाम देने वाले को पंजाब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई। यह वही सिद्धू हैं, जिन्होंने कहा था- कांग्रेस मुन्नी से भी ज्यादा बदनाम है। हम क्या कहें ये किस्सा, उनका है ये वे ही जानें। नवजोत सिंह सिद्धू को पंजाब कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने पर मध्य प्रदेश भाजपा सह संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने भी तंज कसा। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि पप्पू और गप्पू की अब डबल इंजन की जोड़ी कांग्रेस मुक्त पंजाब का सपना साकार करेगी। ठोको ताली...। हितानंद शर्मा के इस ट्वीट को री-ट्वीट कर मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल ने लिखा कि क्या बात है.... पप्पू और गप्पू के लिए ठोको ताली..। साढ़े 4 साल पहले कांग्रेस में आए सिद्धू के साथ चार कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाए गए हैं। कार्यकारी अध्यक्ष संगत सिंह गिलजियां, सुखविंदर सिंह डैनी, पवन गोयल और कुलजीत सिंह नागरा होंगे। कांग्रेस हाईकमान की ओर से रविवार रात साढ़े 9 बजे के करीब इसकी घोषणा की गई है।

संक्षिप्त समाचार

भावना को दवा पिलाकर किया दस्तक का शुभारंभ

स्वास्थ्य दल ने दी घर-घर दस्तक

शिवपुरी। जिले में 5 बर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर शुरू हुए दस्तक अभियान का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ए.एल शर्मा तथा महिला बाल विकास अधिकारी डी.के सुंदरयाल द्वारा शहरी क्षेत्र शिवपुरी के वार्ड क्र 01 की आंगनवाडी केंद्र पर बालिका भावना को विटामिन ए की दवा पिलाकर किया। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा 5 बर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। इसमें स्वास्थ्य दल घर-घर पहुंचकर बाल्यकालीन बीमारियों जैसे कुपोषण, एनीमिया, जन्मजात विकृति, उल्टी दस्त से ग्रसित बच्चों को चिन्हाकित कर उनका उपचार कराएगा। सोमवार को हुए शुभारंभ के बाद स्वास्थ्य अमले ने पूरे जिले में घर -घर दस्तक दी और 5 साल तक के बच्चों का एमयूएसी टेप माप, बजन माप, बिटामिन ए की अनुपूरक खुराक पिलाना, जिंक एवं ओआरएस का वितरण , हाथ स्वच्छता की आवश्यकता व पद्धिति सिखाने जैसे कार्य किए। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश गुप्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ शीतल व्यास, सुपर बाईजर सरस्वती चतुर्वेदी, गीता केवट, एएनएम सुनीता दीवान, कमल बाथम, सुनील जैन आदि उपस्थित थे। दस्तक अभियान में स्वास्थ्य अमले के कार्य का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ए.एलशर्मा एवं महिला बाल विकास अधिकारी डी.के सुदरयाल द्वारा सतनवाडा विकासखण्ड के ग्राम पतारा में किया । जहां आदिवासी बालक गौरव आदिवासी को बिटामिन ए की दवा निरीक्षण दल द्वारा पिलाई गई । उक्त बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण किए जाने पर वह एनीमिक पाया गया। जिसे उपचार कराने की सलाह दी गई। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ शीतल व्यास, बीएमओ सतनवाडा डॉ हरेन्द्र जादौन, डॉ यशस्वी मेहता, बीसीएम संतोष शर्मा एएनएम शशि साहू,एमपीएस हरि मोहन श्रीवास, आंगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमती सुनीता जैन उपस्थित थे।

कलेक्टर कार्यालय में किराये के वाहन के लिए निविदा 05 अगस्त तक आमंत्रित

शिवपुरी। कलेक्टर कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदारों के लिए वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में मासिक किराये पर वाहन उपलब्ध कराये जाने हेतु 5 अगस्त शाम 5 बजे तक मुहरबंद निविदायें कलेक्टर कार्यालय शिवपुरी में आमंत्रित की गई है। डिप्टी कलेक्टर बृज बिहारी लाल श्रीवास्तव ने बताया कि निविदा की शर्तें, निविदा फार्म तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छो?कर कार्यालय की नाजिर शाखा से प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदायें 07 अगस्त को अपराह्न 03 बजे तक कलेक्टर कार्यालय शिवपुरी के सभाकक्ष में उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जाएगी। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। विज्ञापन, शर्तें व आवेदन की प्रारूप इत्यादि का विवरण बेवसाईड http://shivpuri.nic.in पर एवं कार्यालय के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

इन फीडरों पर आज विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

शिवपुरी। आवश्यक रखरखाव का कार्य किए जाने हेतु 11 के.व्ही. खु?ा फीडर एवं 33 के.व्ही. नोहरी, रोनाखेडी, जसराजपुर, सुभाषपुरा फीडर पर 20 जुलाई को विद्युत प्रवाह बंद रहेगा।20 जुलाई को खु?ा फीडर के बंद रहने से प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक गौतम बिहार कॉलोनी, कीजरीधाम कॉलोनी, शक्तिपुरम खु?ा के आसपास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। इसी प्रकार 33 के.व्ही. नोहरी, रोनाखेडी, जसराजपुर, सुभाषपुरा फीडर के बंद रहने से प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक 33/11 के.व्ही.उपकेन्द्र नोहरी, रोनाखेडी, जसराजपुर, सिरसौद, ठर्रा, सुभाषपुरा, धौलाग?, सतनवा?ा उपकेन्द्र से जु? समस्त क्षेत्र एवं एच.टी.उपभोक्ता प्रभावित रहेंगे।

जिले में 199.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

शिवपुरीट्ठ शिवपुरी जिले में 01 जून 2021 से अभीतक 199.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में गत वर्ष आज दिनांक तक 171.28 मि.मी.औसत वर्षा हुई थी। भू-अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मि.मी. है। गत वर्ष जिले में कुल 822.4 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।

खरई बेरियर बना बसूली का अडडा, प्रायवेट कटर कर रहे है वसूली, भोपाल तक बटता है बटौना

शिवपुरी।

इन दिनों शहर का खरई बैरियल पूरी तरह से बसूली का अडडा बन चुका है। यहां आए दिन एक के बाद एक बारदातें हो रही है। परंतु प्रशासन पूरी तरह से मौन है और इन ठेकेदारों को बसूली का खुलेआम लाईसेंस जारी कर दिया है। ऐसा नहीं है कि इस पूरे मामले की सूचना बरिष्ट अधिकारीयों को नहीं हो अपितु इस मामले का बटौना खरई से लेकर भोपाल तक बंटता है। जिसके चलते अधिकारी कार्यवाही करने की जहमत तक नहीं उठा पाते। जानकारी के अनुसार खरई में एकीकृत जाँच चोकी को पिछले लंबे समय से गुण्डा तत्वों ने अघोषित रूप से कब्जा रखा है बताया जाता है यहां अवैध वसूली के लिए रखे प्राईवेट गुडो द्वारा कार्यवाही का झूटा डर दिखाकर कागजो को जप्त करने कि धमकी देकर अवैध वसूली कि जा रहा है। इससे न केवल राजस्व को हानी पहुंच रही है। बल्कि बैरियर पर लूटपाट का माहौल निर्मित कर रखा था। खरई चैक पोस्ट पर बाहारी गुंडो द्वारा परिवहन विभाग के अधिकारी कोटा नाका चैक पोस्ट पर हाईवे नंबर 27 पर चलने वाले वाहनो से खुलेआम अवैध वसूली करवा रहे है। जिससे हर माह सांठगांठ करने वाले जिम्मेदार अधिकारीयो को हर माह लाखो की काली कमाई हो रही है। यह बता दें कि इस गोरखधंधे में आरटीओ, वाणिज्यकर, मण्डी और वन विभाग के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत जगजाहीर है। जो प्राईवेट गुंडो कि मदद से खुलेआम अधिकारियो के संरक्षण में सरगने के रूप में चैक पोस्क पर कब्जा जमाकर अवैध वसूली का खेल चला रहे है। सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार आरटीओ चैक पोस्ट से होने वाही काली कमाई का बटौना जिले से लेकर संभाग सहित भोपाल तक पहुंचता है।

परिवहन विभाग के लाईसेस की जाती है वसूली

विदित हो कि इस एकीकृत जाँच चोंकी से होकर अंतर्राज्जीय वाहन गुजरते हैं। यह मार्ग राजस्थान को जाता है। इस पर से गुजरने वाले वाहनों की चैकिंग फॉरेस्ट, परिवहन, मण्डी और वाणिज्यकर विभाग के द्वारा की जाती है। लोड चैकिंग भी यहीं होती है मगर इन वाहनों से सुविधा शुल्क लेकर वाहनों को एकीकृत सीमा जाँच चोकी पर केन्द्रीय मार्ग से निकाला जाकर इस तमाम जाँच से परे कर दिया जाता है। सूत्रों की मानें तो इस सेन्ट्रल मार्ग से निकासी के एवज में ओवरलोड ट्रक, ट्रॉला से 20 से 25 हजार रुपए प्रति वाहन वसूले जाते हैं। इस कारोबार को राजस्थान और म.प्र. के माफिया तत्वों से मिलकर शिवपुरी के कुछ स्थानीय गुण्डे संचालित करा रहे थे।

ऐसे होती है यहाँ वसूली

यहां परिवहन चैक पोस्ट पर सबसे पहले तो ऑवरलोड गाडियों को रौका जाता है। उसके बाद इन गाडियों की तौल की जाती है। जिसमें क्षमता से अधिक माल होने पर इनपर ट्रेक्स बसूलने का प्राबधान है। परंतु जैसे ही ऑवरलोड गाडी सामने आती है। यहां प्रायवेट लोग सक्रिय हो जाते है और इस गाडी को निकालने के एवज में 2000 से 3000 हजार रूपए तक रेट बताते है। हांलाकि विधिबत तौर से अगर इन गाडियों पर कार्यवाही की जाए तो यह पांच हजार तक पहुंच जाती है। जिसके चलते उक्त वाहन चालक बिना रसीद के ही 2 से 3 हजार के बीच मामला सुलझा कर चलते बनते है। इस राशि को ठेकेदार अपनी जैब में रख लेता है। यहां बता दे कि उक्त बैरियल पर भाजपा के एक नेता और क्षेत्र के दबंग सहित शहर के एक डीएसपी के हाथों में इसकी कमान रहती है। जिसके चलते इनके प्रायवेट लोग यहां बसूली का खेल जारी रखते है। अगर कोई कुछ परेशानी दिखाता है तो उसके साथ यह प्रायवेट लोग बदसलूकी सहित मारपीट कर गुण्डागिर्दी पर उतारू हो जाते है। उसके बाद जैसे ही यह मामला इनके आकाओं के पास पहुंचता है इस मामले को शांत करा दिया जाता है।

शिवपुरी में अंकुर अभियान को तिलाजंलि

शिवपुरी।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अधिक से अधिक पौधे लगाने की जनता से अपील कर रहे हैं साथ ही पौधे लगाने वालों के हौसले बढाने अंकुर अभियान के तहत पुरुस्कृत भी कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर शिवपुरी के प्लॉट मालिक वर्षो पुराने पे?ो पर कुल्हा?ी चलवा रहे है। सारा मामला फतेहपुर रोड आर्शीवाद हास्पीटल के पास का है जहां एक खाली प्लाट के अंदर 25 वर्ष पुराने बडे सीशम के आधा दर्जन पेड़ों को काट डाला गया स्थानीय लोगों के द्वारा जब इस घटना की जानकारी प्रशासन को दी गई तो तहसीलदार सहित नपा का अमला मय दल बल के पहुंच गया लेकिन पे? काटने की अनुमति को लेकर तहसीलदार से लेकर नपा कोई भी सटीक जवाब नही दे पाए। वही मौके पर मौजूद आरामशीन संचालक भी अपने ट्रेक्टर को छु?ाने मोके पर पहुंचे लेकिन परमीशन की बात को लेकर गोल मोल जवाब देते नजर आए। फिलहाल प्रशासन ने पंचनामा बनाकर लकड़ी को जब्त कर लिया है। जहाँ कोरोना काल ने ऑक्सीजन की महत्वत्ता को पूरे देश को अहसास कराया है वही चंद सिक्को के लालची लोग हरे भरे पेड़ो को काटने में लगे है।

इनका कहना है

हमें सूचना मिली है तो हमने नगर पालिका को बुलाया यह नगर पालिका क्षेत्र है वृक्ष काटने की अनुमति से लेकर उसके रखरखाव को लेकर सारा मैनेजमेंट नगरपालिका का है जो कि नगरपालिका वाले आ भी गए हैं जो की लकड़ी की जब्ती बना रहे हैं नगर पालिका ने इसकी अनुमति दी थी या नहीं यह तो कल सीएमओ साहब आकर ही बता पाएंगे यदि नहीं भी दी होगी तो नगरपालिका उस पर कार्रवाई करेगी जो ट्रैक्टर खड़ा हुआ है उसका पता नहीं चला है किसका है उसकी लकड़ी को भी लेकर नगरपालिका ले जाया जा रहा है।

तहसीलदार भूपेंद्र कुशवाहा शिवपुरी

इस संबंध में सारी जानकारी हमारे वरिष्ठ अधिकारी दे पाएंगे लेकिन हमें सूचना मिली तो हम मौके पर आ गए हैं

शिवपुरी नगर पालिका आर आई सुधीर मिश्रा

इनका कहना है

मेरी लेबर बुलाई थी काम करने बोला गया था कि लकड़ी काटना है तू मेरी लेवल लकड़ी काटने आई थी हमें बताया गया था हमारे पास परमिशन कागज है जिसके आधार पर हम काम कर रहे हैं

आरामशीन संचालक सुनील ओझा शिवपुरी

शहरकाजी ने की आमजन से अपील

शिवपुरी।

अभी 21 जुलाई बुधवार को ईद-उल-अज्हा का त्यौहार मनाया जाएगा। शहरकाजी वलीउद्दीन सिद्दीकी ने सभी आमजन से अपील की है कि ईद-उल-अज्हा की नमा? घरों में ही अदा करें। शहर की सभी मस्जिदों में 6 से अधिक लोग एकत्रित नहीं होंगे। कोविड को देखते हुए सभी से अपने घरों पर नमाज अदा करने की अपील की गई है।साथ ही उन्होंने अपील में कहा है कि आमजन अपने-अपने घरों पर चार दीवारी के अंदर कुर्बानी करें। जानवरों की नुमाइस और जिवाह के फोटो सोशल मीडिया पर प्रचारित न करें और कोविड़-19 गाइड लाइन का पूरी तरह पालन करें। नमाज, मास्क व सोशल डिस्टेंसिंग के साथ अदा करें।

जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड पिछोर में बैठक एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

शिवपुरीट्ठ मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड पिछोर में बैठक व पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन गौशाला पर किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया उपस्थित रहे। जिला समन्वयक सिसोदिया ने वॉलिंटियर द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की एवं वालंटियर को वायुदूत ऐप पर पंजीयन करवाया व अधिक से अधिक संख्या में लोगों का वायुदूत ऐप पर पंजीयन हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमें अंकुर अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक पंजीयन करवाना है और वृहद स्तर पर वृक्षारोपण का कार्य करना है। इसके बाद गौशाला पर पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक अभिलाषा शर्मा, प्रस्फुटन समिति के सदस्य मेंटर्स एवं वॉलिंटियर उपस्थित रहे।

पिछोर में आयोजित सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप 45 लोगों को मिला रोजगार

शिवपुरी। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली व जिला पंचायत शिवपुरी एवं म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से जनपद पंचायत पिछोर में सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती केम्प का आयोजन किया गया। भर्ती कैंप में 135 शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थी ने पंजीयन करवाया जिसमें से एसआईएस इंडिया लिमिटेड नीमच के वरिष्ठ भर्ती अधिकारी सुरेन्द्र कुमार एवं सूरज माली ने 45 युवाओं का चयन किया। उक्त भर्ती कैम्प जनपद पंचायत सीईओ पुष्पेंद्र व्यास एवं आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक तृप्ति राय, विकाखण्ड प्रबंधक सरदार बैग मिर्जा एवं कल्पना गोर, नीरज कुशवाह, सुनीता आंनद, संजय गुप्ता आजीविका मिशन टीम के सहयोग एवं उपस्थित मे संपन्न हुआ। इस भर्ती कैम्प में चयनित युवाओं को नीमच में 1 माह के प्रशिक्षण उपरांत 65 वर्ष तक की स्थाई नौकरी दी जाएगी। उम्मीदवारों को 12000 से 15000 का मासिक वेतन दिया जायेगा।

भर्ती कैंप आज करैरा में : सिक्योरिटी स्किल काउन्सिलिंग इंडिया लिमिटेड जवासा नीमच द्वारा आज 20 जुलाई को आजीविका मिशन कार्यालय टीला रोड करैरा, 21 जुलाई को कोठी नंबर 26 फतेहपुर शिवपुरी में आठ दिवसीय भर्ती केम्प का आयोजन प्रातः 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा। बेरोजगार अभ्यर्थी जिनकी योग्यता दसवीं पास, उम्र 21 से 37 वर्ष, ऊंचाई 168 सेंटीमीटर एवं सुरक्षा सुपरवाइजर हेतु 12वीं पास, कंप्यूटर कोर्स, उम्र 21 से 35 वर्ष, ऊंचाई 170 सेंटीमीटर आवेदन कर सकते है। विकास खंडों में विभिन्न तिथियों में आयोजित कैम्प में उम्मीदवार दसवीं की छायाप्रति, दो फोटो, आधार कार्ड के साथ उपस्थित हों।

अंकुर अभियान अंतर्गत ग्राम सिल्लारपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

शिवपुरी। प्रदेश में वृक्षारोपण को ब?ावा देने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अंकुर अभियान शुरू किया गया है। शिवपुरी जिले में भी इस अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जा रहा है। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के नेतृत्व एवं उनकी प्रेरणा से अंकुर कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के करैरा अनुविभाग में ग्राम सिल्लारपुर में लीड बैंक प्रबंधक द्वारा धरा सम्पदा एफपीओ करैरा के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अनुभाग अधिकारी करैरा अंकुर गुप्ता, लीड बैंक प्रबंधक सतीश चंद्र व्यास, वित्तीय साक्षरता एवं साख सलाहकार महेश कुमार शर्मा, धरा सम्पदा से राम कुमार,संजीव लोधी तथा अन्य ग्रामीणों एवं महिला सदस्यों द्वारा 30 फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में समाज की महिला शक्ति द्वारा ब?-च?कर हिस्सा लिया गया तथा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम श्री गुप्ता द्वारा अपने उदबोधन में कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण की शुद्धीकरण हेतु अधिक से अधिक पे? लगायें जिससे हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिल सके । उन्होंने बताया कि करैरा में एक लाख पोधरोपण का लक्ष्य है तथा पोधरोपण हेतु निशुल्क पोधे उपलब्ध कराये जायेगे। लीड बैंक प्रबंधक सतीश चन्द्र व्यास द्वारा जन अभियान के रूप में समाज में जागरूकता बढाने एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए जोर दिया गया। जिससे अधिकतम जन सामान्य इस कार्यक्रम से जु? सके। इस अवसर पर वितीय साक्षरता एवं साख सलाहकार महेश शर्मा द्वारा वृक्षारोपण में महिला शक्ति की असीम भागीदारी की भूरि-भूरि प्रसंशा करते हुए महिलाओ को अधिक से अधिक इस कार्य में जो?ने हेतु कहा गया। कार्यक्रम में धरा सम्पदा का पूर्ण सहयोग रहा एवं भविष्य में और अधिक ऐसे कार्यक्रम आयोजन हेतु सहयोग एवं सहमती प्रदान की गयी।

झमाझम बारिश के साथ मौसम में आई ठंडक, जलभराव से जनता परेशान

शहर की हर बस्ती हुई लबालब, नई सड़कें भी बनी तालाब

मुरैना। शनिवार से जिले में मौसम ने करवट ली है और लगातार बारिश थम थम कर हो रही है। सोमवार की सुबह एक घंटे तक हुई झमाझम बारिश के बाद शहर की हर बस्ती जलमग्न हो गई और नाले नालियों की गंदगी सड़कों पर निकल आई, हालांकि भीषण गर्मी एवं उमस से राहत आम जनता को मिली है, परंतु जलभराव एवं गंदगी की समस्या से जनता परेशान है। इस समस्या की ओर नगर निगम अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है, जिससे लोग परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

पिछले एक महीने से भीषण गर्मी एवं उमस की मार झेल रहे जिले की जनता को शनिवार के दिन मानसून की पहली बारिश ने कुछ राहत दिलाई तो वहीं रविवार एवं सोमवार को भी जमकर बारिश हुई जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है और मौसम कूल-कूल हुआ है मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को दिन का अधिकतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया है तो वही शनिवार से अब तक 120 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। इस बारिश के बाद किसानों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ आई है और अब वह अपनी फसलों में लग गए हैं, ताकि फसल अच्छी हो सके, वहीं पेड़ पौधों की बिक्री भी शुरू हो गई है।

इधर बारिश के बाद तमाम समस्याएं जनता के मुंह बाय खड़ी हुई है। सोमवार की सुबह एक घंटे तक हुई जोरदार बारिश के बाद शहर के प्रत्येक इलाके में जलभराव हो गया और नाले नालियों की गंदगी सड़कों पर निकल आई, जिससे लोगों को एक घंटे तक घरों में ही कैद रहना पड़ा। नगर पालिक निगम द्वारा सीवरेज कार्य करा दिया गया, लेकिन यह किसी मतलब का दिखाई नहीं दे रहा है और पानी का निकास सीवरेज कार्य के पूर्व से भी बदतर हालत में है। जलभराव की समस्या जस की तस बनी हुई है, इस समस्या पर निगम के अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं, यही नहीं शहर के कई इलाकों में हाल ही में नई सड़कों का निर्माण किया गया, लेकिन गुणवत्ता विहीन सड़कों के निर्माण के कारण जलभराव की समस्या बनी हुई है और इस बारिश में क्षतिग्रस्त होने की पूर्ण संभावना है। जीवाजी गंज में हुए सड़क निर्माण को लेकर भी नगर निगम के अधिकारी कतई गंभीर नहीं है और इस सड़क निर्माण में नियम एवं मापदंडों को दरकिनार किया गया है।

फाटक बाहर इलाका हुआ जलमग्न

सोमवार की सुबह हुई जोरदार बारिश के दौरान फाटक बाहर का पूरा इलाका पानी से जलमग्न हो गया और लोगों की दुकान एवं घरों में पानी घुस गया, जिस कारण लोगों को भारी नुकसान हुआ तथा परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर के किसी भी इलाके में पानी का निकास नहीं हो रहा है, जबकि नगर निगम द्वारा सीवरेज कार्य कराकर लोगों को कनेक्शन भी दे दिए गए हैं। निकास ना होने के कारण बरसात का पानी घरों में पहुंच रहा है और लोगों को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। गंदे पानी के कारण बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

एमएस रोड का नाला चौक होने की वजह से भरा पानी

एक घंटे की बारिश के बाद नगर की प्रमुख एमएस रोड पर दुकानों के सामने पानी भर गया। दुकानदार पवन दुबे ने बताया कि नगर निगम ने बरसात से पहले नाले की सफाई होनी थी, लेकिन इस बार नहीं हुई, कुछ दिन पहले भी बरसात के दौरान पानी भर गया था, तब से लेकर आज तक तीन चार बार सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत कर चुका हूँ लेकिन आज तक कोई निराकरण नहीं हुआ। एमएस रोड स्थित पुराने बस स्टैंड चौराहे के पास लगे एसबीआई एटीएम के पास पानी भरा हुआ है।

तीसरी लहर की संभावना के बाद भी मुरैना कलेक्टर बेफिक्र

पुलिस ने कोचिंग में पाई भीड़, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई, कोरोना गाइडलाइन का उल्लंघन कर रहे राजनेता

मुरैना। कहावत है कि कमजोर पर सभी का जोर चल जाता है, लेकिन दबंग एवं रसूख वालों पर कोई जोर नहीं चलता। ऐसा ही कुछ कोरोना गाइडलाइन के दौरान देखने को मुरैना शहर व जिले में मिल रहा है। जहां एक और अधिकारी एवं राजनेता बड़े बड़े कार्यक्रम कर भीड़ जुटा रहे हैं, तो वही बाजारों एवं कोचिंग संस्थानों में नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। 10-10 के कमरों में 50 से भी अधिक बच्चे पढ़ रहे हैं और कोरोना को निमंत्रण दे रहे हैं। सोमवार की सुबह कोतवाली पुलिस ने कुछ संस्थानों में जाकर नजरें इनायत की तो वहां का हाल देखकर सिर चकरा गया। पुलिस ने कुछ टीचरों को गाड़ी में बिठा भी लिया, लेकिन लोगों के निवेदन पर उन्हें छोड़ दिया, जब कि कोरोना गाइडलाइन के अनुसार उन पर तत्काल एफ आई आर दर्ज होनी चाहिए थी।

कोरोना गाइडलाइन के अनुसार मुरैना जिले में अभी भी अंतिम संस्कार में 20 लोगों एवं शादी विवाह में 50 लोगों के एकत्रित होने की ही मंजूरी है और नया आदेश राज्य सरकार ने अभी कोई दिया नहीं है, इसके बावजूद जिला कलेक्टर की अनदेखी के कारण शहर में मंत्रियों एवं नेताओं द्वारा भीड़ जुटाई जा रही है तो वही शादी विवाहों में भी अब भारी भीड़ देखने को मिल रही है तथा कहीं कोई कार्यवाही प्रशासन द्वारा नहीं की जा रही है। जनता को कोरोना नियमों का पाठ पढ़ाने वाले नेता एवं अधिकारी स्वयं ही प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहे तो आम जनता कहां से पालन करेगी।

पंचायत कर्मियों ने दी हड़ताल पर जाने की जानकारी

अम्बाह- ग्राम पंचायत के कर्मचारियों ने आज ज्ञापन देकर बताया कि कर्मचारी संयुक्त मोर्चा राज्य इकाई के निर्देश पर 12 जुलाई को समस्त संगठनों द्वारा 7 दिवस में कर्मचारियों की मांगों का निराकरण करने के लिए ज्ञापन सौंपे गये थे जिसमें अनुरोध किया गया था कि सरकार पहल करके शीघ्र मांगों का निराकरण करें अन्यथा हमें सामूहिक आंदोलन पर जाने के लिए बाध्य होना प?ेगा।

राज्य शासन के मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री प्रमुख सचिव, कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सभी को संगठन की समस्त इकाईयों द्वारा ज्ञापन प्रेषित किये गये लेकिन आज दिनांक तक शासन द्वारा कोई पहल नहीं की गई न ही कोई मांगों का निराकरण किया गया ऐसी दशा में राज्य इकाई के आवाहन पर दिनांक 19जुलाई से ही 20 जुलाई तक सामूहिक अवकाश आंदोलन के प्रथम चरण में एवं दिनांक 22 जुलाई से सामूहिक अनिश्चितकालीन ह?ताल पर जाने का हमने निर्णय लिया है इसलिए सूचना पत्र के माध्यम से हम समस्त हस्ताक्षरकर्ता संगठन जो कि नवगठित संयुक्त मोर्य के घटक है आज से ही अनिश्चितकालीन आंदोलन में सम्मिलित हो रहे हैं।

बिटिया के जन्म होने पर पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर शिवराज सिंह सहित परिवार वालों ने मनाया जश्न,पौध रोपण भी किया

अम्बाह--पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर शिवराज सिंह तोमर के घर नातीनि का जन्म हुआ तो उसके अस्पताल से घर आगमन पर परिवार वालो ने बिटिया के रूप में आई लक्ष्मी का आरती पूजन कर स्वागत किया द्य वर्तमान समय मे बेटियां बेटों से कम नही हैं यानी बदलते समाज में अब लोगों की धारणा भी बदल रही है अम्बाह के पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर शिवराज सिंह के घर नातिनी यानी के आने पर पूरे परिवार में इन दिनों खुशियों का माहौल है बेटी पैदा हुई तो परिवार वालों ने लक्ष्मी के रूप में बेटी के आने पर मिठाई बांटकर खुशियां मनाई बीती शाम को कन्या के हॉस्पिटल से घर आने के पहले घर को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। बिटिया के घर में प्रवेश करने पर मां और बेटी की परिवार के लोगों ने आरती उतारकर माला पहनाई और फूलों की बरसात से घर मे स्वागत किया बेटी के जन्म पर खुशियां और गीत गाये इस मौके पर बेटी के दादा शिवराज सिंह तोमर ने पांच पौधे पीपल, बरगद, पाक?, बेल और शमी को बिटिया के हाथ से स्पर्श कराने के बाद उनका रोपण किया इस दौरान परिवार वालों के साथ आसपास के लोग भी खुशियां मनाने में शामिल हुए ज्ञात रहे कि पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ शिवराज सिंह तोमर के पुत्र जन्मेजय की शादी श्री मती रेनू के साथ हुई है कुछ दिन पूर्व जन्मेजय की पत्नी रेनू ने कन्या रत्न को जन्म दिया जन्मेजय आइपीएस कॉलेज ग्वालियर में फार्मेसी असिस्टेंट प्रोफेसर हैं उनकी पत्नी ने पहली संतान के रूप में जब बच्ची को जन्म दिया तो खुसी का माहौल हो गया बीती शाम जब कन्या का गृह प्रवेश कराया गया तो कन्या की मां ने बाकायदा फीता काटकर घर के अंदर प्रवेश किया इस दौरान परिवार के सदस्यों ने फूलों की बारिश से कन्या आगमन का उत्साह मनाया इस दौरान संपूर्ण घर और गली को आकर्षक तरीके से सजाया गया था कन्या के दादा डॉक्टर शिवराज सिंह तोमर ने कहा कि बेटा और बेटी के एक समान होने का उत्सव हमने बनाया है और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधों का रोपण भी किया है इन पौधों के नाम भी नवजात कन्या के नाम पर रखे गए हैं जिन की देखभाल भी हमारा परिवार करेगा।

बसपा के राकेश जाटव सहित अनेक बसपाई कांग्रेस में शामिल

मुरैना। राकेश जाटव पूर्व जिला अध्यक्ष व पूर्व महापौर प्रत्याशी मुरैना, साहब सिंह चौधरी विधानसभा अध्यक्ष सुमावली, रामप्रकाश उच्चाडिया, दीपक बौद्ध, गजेंद्र सिंह, प्रदीप सागर सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने बसपा को अलविदा कहते हुए कांग्रेस का दामन थामा है। इस मौके पर अशोक भदौरिया व युवा कांग्रेस अध्यक्ष अनिल गुर्जर, जसवीर सिंह गुर्जर, अनूप सिंह खेरिया की मौजूदगी में कमलनाथ के समक्ष फूल सिंह बरैया के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी को ज्वाइन किया है।

ट्रक चालक ने अचानक लगाए ब्रेक, स्विफ्ट कार घुसी, मां- बेटे की मौत, पिता व पुत्री घायल

आगरा से भात देकर लौट रहे थे विजय जैन व उनके परिवारीजन

मुरैना। रविवार सोमवार की देर रात आरटीओ चेक पोस्ट के पास ट्रक चालक की लापरवाही के कारण एक स्विफ्ट कार ट्रक में घुस गई और इस दर्दनाक हादसे में मां- बेटे की दर्दनाक मौत हो गई तो वही पिता पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका उपचार ग्वालियर चल रहा है। घटना के बाद सिविल लाइन थाना पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपीनाथ की पुलिया महावीर अपार्टमेंट निवासी विजय जैन संचालक गहना ज्वेलर्स रविवार को अपनी पत्नी एवं पुत्र पुत्री के साथ भात देने के लिए अपनी स्विफ्ट कार एमपी 06 सीए 3048 से आगरा गए हुए थे एवं अन्य निजी वाहनों से परिवार के लोग भी गए हुए थे। रात्रि 12 से 1 बजे के बीच सिविल लाइन थाना अंतर्गत आरटीओ चेक पोस्ट के पास एक ट्रक क्रमांक आरजे 18/5454 का चालक उसे तेज गति से चलाते हुए मुरैना की ओर आ रहा था तथा पीछे से विजय की कार आ रही थी कि अचानक ट्रक चालक ने ब्रेक लगा दिए और विजय जैन से गाड़ी अनियंत्रित हो गई तथा कार ट्रक में घुस गई। इस हादसे में विजय जैन की पत्नी रजनी जैन रानू 43 वर्ष की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई तो वही पिता, पुत्र एवं बेटी तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए ग्वालियर ले जाया गया। बताया जाता है कि ग्वालियर पहुंचते ही उनके 14 वर्षीय पुत्र रोहन जैन ने भी दम तोड़ दिया तो वही विजय जैन एवं उनकी पुत्री की हालत गंभीर थी जिनका उपचार चल रहा है।

शांति समिति की बैठक संपन्न

कोविड 19 की गाइडलाइन के अनुसार ही मनाए ईद ,गुरु पूर्णिमा शांति सद्भावना के साथ मनाएं त्यौहार

पोरसा- ईद उल जुहा , गुरु पूर्णिमा ,का त्योहार आगामी दिनों में पूरे देश में मनाया जाता है जिसको लेकर आज रेस्ट हाउस पोरसा में शांति समिति की बैठक हुई, बैठक एस डी ओ पी अशोक सिंह जादौन, तहसीलदार राजकुमार नागोरिया, सीएमओ अमजद गनी, टीआई रामपाल सिंह जादौन,एस आई शिवम सिंह चौहान,नगरा थाना प्रभारी धर्मेंद्र मालवीय,ने ली सभी ने शासन के नियमों पर चलते हुए कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए आगामी त्योहारों को मनाने का निर्णय लिया गया जिस पर सभी ने अपनी सहमति जताई।

बताया कि आगामी दिनों में ईद उल जुहा, गुरुपूर्णिमा का त्योहार को देखते हुए आज नगर के समस्त समाज के लोगो के साथ सांति समिति की बैठक ली गयी जिसमे अभी जो सरकार की पुरानी गाइडलाइन है उसी के अनुसार त्योहार मनाने को समाज के लोगो से आग्रह किया कि मस्जिदों, मन्दिरो में जो 6 लोगो के साथ ही नमाज अदा , पूजा करने की है। उस पर अमल कर आने वाले ईद उल जुहा ,गुरु पूर्णिमा का त्योहार कोविड-19 की गाइडलाइन के अनुसार ही मनाएं सरकार की गाइडलाइन के अनुसार ही मस्जिदों में नमाज अदा करें ,मन्दिरो में पूजा पाठ का आयोजन करे साथ ही कोविड19 से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा अपने अपने घरों में ही रहकर इबादत , पूजा करें साथ ही समस्त समाज समुदाय के लोगो ने ईद व गुरुपूर्णिमा के दिन नगर में साफ सफाई कराने व बिजली की कटौती न करने की बात रखी । बैठक मैं मोहर सिंह तोमर, महाराज सिंह तोमर, हरीशंकर गुप्ता,हीरा सिंह तोमर, दिलदार सिंह तोमर,दीवान सिंह तोमर, रामकुमार गुप्त अध्यक्ष बीजेपी नगर मंडल,यूनिस खां पढान, महावीर जैन अध्यक्ष व्यापार संघ, बालकिशन वर्मा,राम करन सिंह तोमर, रामकिशोर तिवारी, आशीष सिंह तोमर,कमल सिंह तोमर,नीरज पचोरी,हमीद खां गोरी,उस्मान खान,हाफिज हासिम बरकाती, मोहम्मद फेसल, जनप्रतिनिधि, पत्रकार , समाजसेवी उपस्थित रहे ।

परेड जैन मंदिर के सामने जलभराव समस्या के निदान हेतु सीएमओ को दिया ज्ञापन

अम्बाह-- परेड चौराहे पर जलभराव की समस्या के निराकरण के लिए जैन समाज के लोगों ने आज सीएमओ राम निवास शर्मा के कार्यालय जाकर ज्ञापन दिया ज्ञात रहे कि 20 वर्ष बाद अंबाह में आचार्य विनम्र सागर का चातुर्मास होने को है आचार्य विनम्र सागर चातुर्मास के लिए जैन बगीची में रुकेंगे वहां से प्रतिदिन मंदिर जाने हेतु परेड चौराहे होकर गुजरना पड़ेगा लेकिन वहां जलभराव की समस्या के चलते आवागमन में परेशानी होगी इसी समस्या को लेकर जैन समाज के लोगों ने आज सीएमओ कार्यालय में ज्ञापन देकर जलभराव की समस्या के समाधान की मांग की समाज के लोगो ने कहा कि जैन साधु आहार के लिए मंदिर जी के दर्शन करने के बाद समाज के घरों में जाते हैं अगर रास्ते मे जलभराव की समस्या होगी तो ऐसी स्थिति में उन्हें निकलने में दिक्कत होगी और आहार लेने में कठिनाई होगी अतः मंदिर के सामने एवं ओपी जैन के घर के सामने नाले के ऊपर पुलिया बनवा दी जाए जिससे समस्या खत्म हो सके इस दौरान अशोक जैन एडवोकेट,राकेश जैन भण्डारी,विमल भण्डारी,ओपी जैन,अजय जैन बब्बलू, सुशील जैन,कपिल जैन,राहुल पंकज जैन ,कित जैन सहित अनेक लोग मौजूद थे।

महीनों के दौरान बारिश एक स्वाभाविक चक्र है

प्रकृति की अपनी गति होती है और उसी के मुताबिक उसकी गतिविधियां भी सामने आती हैं। मुश्किल तो तब आती है जब किसी प्राकृतिक उथल-पुथल से जानमाल का व्यापक नुकसान होता है। इन महीनों के दौरान बारिश एक स्वाभाविक चक्र है और लोग इसका इंतजार भी करते हैं। लेकिन शनिवार-रविवार की रात को तेज बरसात के साथ जो हुआ, वह अप्रत्याशित और दुखद है। हालांकि बारिश के समय जमीन का धंसकना या पहाड़ का कट कर गिरना एक सामान्य बात है, लेकिन कई बार व्यापक पैमाने पर ऐसी घटनाओं से होने वाला नुकसान चौंकाता है। मुंबई में लगातार हो रही बारिश की वजह से शनिवार देर रात हुई लैंडस्लाइड की दो घटनाओं में 15 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। दोनों घटनाएं चेंबूर और विक्रोली में हुई। लैंडस्लाइड के चलते पांच मकान गिरे हैं। मुंबई में गुरुवार रात से ही रुक-रुककर बारिश हो रही है। चेंबूर, कांदिवली और बोरिवली पूर्व में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। गांधी मार्केट के पूरे इलाके में पानी भरा है। ग्राउंड फ्लोर पर रहने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। सायन रेलवे स्टेशन का रेलवे ट्रैक बारिश के पानी में डूब गया है। बसों के रूट भी बदल दिए हैं। लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में प्राकृतिक आपदा की यह पहली घटना नहीं है। अभी एक सप्ताह भी नहीं हुआ है जब बिजली गिरने की घटना ने कई राज्यों में तूफान मचा दिया था। करीब 80 लोग मारे गए। तो हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला और उत्तराखंड में भी मूसलाधार बारिश के बीच में ही बादल फटने की घटनाओं से तबाही हुई। इस तरह की घटनाओं ने चिंता पैदा कर दी है कि क्या जलवायु में होने वाले परिवर्तन की वजह से मौसम का यह रूप सामने आ रहा है! संभव है बढ़ते तापमान की वजह से होने वाले बदलावों के चलते सामान्य प्राकृतिक चक्र में भी उथल-पुथल हो रहा हो, लेकिन पिछले कुछ दशकों के दौरान समूची दुनिया में मनुष्य की गतिविधियों ने जिस कदर प्रकृति की बुनावट की उपेक्षा की है, इसका उसे खमियाजा भी भुगतना पड़ रहा है। कई बार लोग मौसम के चक्र, उसकी प्रकृति और हरकतों के कारणों के बारे में जागरूक नहीं होते हैं, इसलिए भी उसकी मार का सामना करना पड़ता है। खैर, मुंबई में हादसे के बाद पीड़ित लोगों तक राहत पहुंचाने का काम जारी है। सरकार व एनडीआरएफ की टीम अपना काम कर रही है। काम उन लोगों को भी करने की जरूरत है, जिनकी वजह से हादसा हुआ। कहा जा रहा है कि जो घर गिरे हैं, वे जर्जर थे। बीएमसी के अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना था। जिम्मेदार अफसरों को लोगों को बारिश से पहले सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचा देना था। अक्सर इस तरह के हादसों में मानवीय भूल का खामियाजा लोगों ने भुगता है। अभी बारिश शुरू हुई है। आगे इस तरह की घटनाएं न हों, यही बेहतर होगा। निश्चित तौर पर बरसात और उसकी वजह से जानमाल के व्यापक नुकसान की ये घटनाएं कोई पहली बार सामने नहीं आई हैं, इसके बावजूद बिजली गिरने से इतनी बड़ी तादाद में लोगों के मरने की घटना ने स्वाभाविक ही चिंता पैदा

लाइलाज महामारी बनेगा प्रकृति का बिगड़ता मिजाज!

ऋतुपर्ण दवे

प्रकृति पर कब किसका जोर रहा है? न प्रकृति के बिगड़े मिजाज को कोई काबू कर सका और न ही फिलाहाल मनुष्य के वश में दिखता है। हां, इतना जरूर है कि अपनी हरकतों से प्रकृति को हमारे द्वारा लगातार नाराज जरूर किया जा रहा है जिस पर प्रकृति का विरोध भी लगातार दिख रहा है। लेकिन बावजूद इसके हम हैं कि मानते नहीं। न पर्यावरण विरोधी गतिविधियों को कम करते हैं और न ही प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन को ही रोक पाते हैं। प्रकति और मनुष्य के बीच दूरियां बढ़ती जा रही हैं। जहां प्रकृति की नेमत में लगातार कमीं आ रही है वहीं लगता नहीं कि उसका अभिशाप भी खूब रंग दिखा है? नतीजा सामने है, गर्मियों में बरसात, बरसात में गर्मी और ठण्ड में पसीने के अहसास के बावजूद हमारा नहीं चेतना एक बड़ी लापरवाही बल्कि आपदा को खुद न्यौता देने जैसा है। हो भी यही रहा है।

सच तो यह है कि प्रकृति की अपनी प्राकृतिक वातानुकूलन प्रणाली है जो बुरी तरह से प्रभावित हो चुकी है, नतीजन हालिया और बीते कुछ दशकों में मानसून का बिगड़ा मिजाज सामने है। जब जरूरत नहीं थी तब इसी जून में झमाझम बारिश हुई। अब जरूरत के वक्त कई जगह सूखा तो कहीं बाढ़ के विकराल हालात बन चुके हैं। यानी प्रकृति का खुद का संतुलन बुरी तरह से बिगड़ चुका है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार तापमान में वृद्धि के कारण विश्व स्तर पर पानी की कमीं और सूखे का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। ये दोनों ही मानवता को बड़े स्तर पर नुकसान पहुंचाने के लिए तैयार से मुंह बाएं खड़े हैं। आंकड़े बताते हैं कि 1998 से 2017 के बीच बिगड़ैल मानसून से 124 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हो चुका है और करीब डेढ़ अरब लोग भी प्रभावित हुए हैं। एक अन्य ताजे भारतीय शोध से भी पता चलता है कि हिमालय और काकोरम में ग्लोबल वार्मिंग का असर साफ दिखने लगा है। ग्लेशियर पिघलने से बाढ़ और रोजगार दोनों पर ही खतरा सामने है। पहले जून में पिघलने वाले ग्लेशियर अब अप्रेल में ही पिघलने लगे हैं। गर्मी से टूट रहे ग्लेशियरों से लगभग 100 करोड़ लोगों के सामने खतरे जैसे हालात दिखने लगे हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ का ही पूर्वानुमान है कि ज्यादातर अफ्रीका फिर मध्य और दक्षिण अमेरिका, मध्य एशिया, दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया, दक्षिणी यूरोप, मेक्सिको और शेष अमेरिका में लगातार और गंभीर सूखा पड़ेगा। अभी जो हालात बन रहे हैं वह कुछ यही इशारा कर रहे हैं। भारतीय संदर्भ में देखें तो इसी बीते जून के अंत से जुलाई के दूसरे पखवाड़े में अब तक उमस और नम हवओं के बीच लू के थपेड़े और भी ज्यादा खतरनाक हो रहे हैं। दरअसल यह वेट बल्ब तापमान वाली जैसी स्थिति होती है जो उमस और गर्मी दोनों से मिलकर बनती है। इसमें तापमान तो 30 डिग्री के आसपास होता है लेकिन वातावरण में नमीं 90 प्रतिशत होने के बावजूद ऐसे मौसम को सह पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। वाकई फिलाहाल हालात कुछ ऐसे ही हैं। 2017 का एक अध्ययन बताता है कि दुनिया न सिर्फ गर्म हो रही है बल्कि हवा में नमीं का स्तर भी तेजी से बढ़ रहा है जो यदि तापमान 35 डिग्री वैट बल्ब तक पहुंच जाए तो जिन्दगी के लिए जबरदस्त खतरा भी हो सकता है और बमुश्किल 6 घण्टों में ही मौत संभव है।

जहां भारत में समय से पहले आए मानसून की आमद और अब जरूरत के वक्त गफलत ने किसानों सहित आम व खास सबको परेशान कर रखा है। वहीं अमेरिका में भी पारे ने नया रिकॉर्ड बना दिया। कैलीफोर्निया के डेथवैली पार्क में इसी 9 जुलाई को अधिकतम तापमान 54 डिग्री सेल्सयस दर्ज हुआ। इससे पहले 10 जुलाई 1913 को वहां तापमान 56.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो दुनिया में सर्वाधिक है। कैलीफोर्निया, ओरेगन और एरिजोना में तमाम जंगल धधक उठे हैं, धुंआ भरे पायरोकम्युलस बादलों का निर्माण कुछ इस तरह हुआ जो अमूमन जंगलों की बड़ी आग या ज्वालामुखी से बनते हैं। अभी जुलाई के 14 दिनों में ही 2,45,472 एकड़ इलाका जलकर खाक हो चुका है। तापमान भी 54 पार कर 57 डिग्री सेल्ससियस पहुंचने पर उतारू है। बिजली गिरने की कई घटनाएं हुई और आग फैलती चली गई। भारत में राजस्थान का चुरू भी देश का सबसे ज्यादा तापमान वाला शहर बन चुका है।

दरअसल यह इंसानों की करतूतों से मौसम का बदलाव है। इस पर 70 विशेषज्ञों की एक अंतर्राष्ट्रीय टीम द्वारा किया गया अध्ययन है जिसमें स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव की रिपोर्ट चौंकाने वाली है। ऐसे प्रभावों को जानने वाला यह पहला और अब तक का सबसे बड़ा शोध है। यह शोध नेचर क्लाइमेट पत्रिका में प्रकाशित हुआ है जिसके अनुसार गर्मी की वजह से होने वाली सभी मौतों का औसतन 37 प्रतिशत कहीं न कहीं सीधे तौर पर इंसानी करतूतों से हुई जिसके लिए जलवायु परिवर्तन जिम्मेदार है। इस शोध अध्ययन के लिए 43 देशों में 732 स्थानों से आंकड़े जुटाए गए जो पहली बार गर्मी की वजह से मृत्यु के बढ़ते खतरे में इंसानी करतूतों से जलवायु परिवर्तन के वास्तविक योगदान को दिखाता है। साफ है कि जलवायु परिवर्तन से इंसानों पर दिख रहे खतरे अब ज्यादा दूर नहीं है। जल्द ही मानवीय करतूतों से बढ़ी गर्मी जिसे दूसरे शब्दों में हमारी करतूतों से हुआ जलवायु परिवर्तन भी कह सकते हैं से होने वाली मौतों को जांचने पर यह आंकड़ा हर साल एक लाख के पार पहुंच सकता है।

मान भी लिया जाए कि 95 प्रतिशत आबादी के पास एयर कंडीशनिंग है या होगी तो मृत्यु दर कम हो सकती है। लेकिन इसे व्यव्हारिक नहीं कह सकते क्योंकि किसान को 45 डिग्री सेल्सियस तापमान में अपने परिवार के भरण-पोषण करने के लिए बाहर काम करना ही पड़ेगा। दुनिया की प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल लेंसेंट का एक अध्ययन तो बेहद चौंकाने वाला है जिसमें केवल भारत में ही हर साल असामान्य गर्मी या ठण्ड से करीब 7.40 लाख लोगों की मौत की चर्चा है। अलग-अलग देखने पर पता चलता है कि भारत में जहां असामान्य ठण्ड से हर वर्ष 6,55,400 लोगों की मौत होती तो असामान्य गर्मी से 83,700 लोग जान गवां बैठते हैं। वहीं मोनाश यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया के रिसर्चर की एक टीम ने असामान्य तापमान की वजह से दुनिया भर में 50 लाख लोगों से अधिक की मौत बताकर चौंका दिया है। यह मौत हाल के कोरोना वायरस से हुई मौतों से काफी अधिक है। यह शोध 2000 से 2019 के दौरान का है जिसमें 0.26 सेल्सियस बढ़ा तापमान और मृत्युदर का अध्ययन है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव की विशेष प्रतिनिधि (आपदा जोखिम न्यूनीकरण) मामी मिजूतोरी भी इस बात को मानती हैं कि बिगड़ते पर्यवारण से पनपा सूखा अगली ऐसी महामारी बनने जा रहा है जिसके लिए न कोई टीका होगा न दवाई। यानी बिगड़ते पर्यवारण से निपटने की तैयारी और कारगर व्यवस्थाएं ही कुछ कर पाएंगी जिस पर गंभीरता से किसी का ध्यान नहीं है। इसके लिए अभी से तैयारी की जरूरत है। लेकिन क्या कुछ हो रहा है, सामने है। काशज! प्रकृति के बिगड़ते संतुलन और धीरे-धीरे बढ़ते तापमान से खुद-ब-खुद मौत के मुंह में समाती दुनिया के बारे में हम, सब कुछ जानकर भी अन्जान होने का स्वांग नहीं करते और कुछ ईमानदार प्रयास कर पाते जो फिलाहाल तो दूर-दूर तक नहीं दिख रहे हैं।

कहो तो कह दूँः प्यारे चाँद तुम तो खूबसूरती के प्रतिमान हो, ऐसा जुलुम न ढाना

चैतन्य भट्ट

भारत में चाँद को लेकर कितनी ही उपमाएं दी जाती हैं , चाँद को महिलाओं की खूबसूरती का प्रतिमान माना जाता है। शायरों, कवियों, गीतकारों ने चाँद की मासूमियत, उसके हुस्न को लेकर न जाने कितने शेर, कितने गीत, और न जाने कितनी कवितायें लिख डाली हैं जब आशिक अपनी महबूबा के हुस्न की तारीफ करता है तो कहता है चाँद सी महबूबा हो मेरी कब ऐसा मैंने सोचा था जब प्रेमी प्रेमिका रात के अँधेरे में मिलते है तो चाँद की तरफ इशारा करके गाते है ÷देखो वो चाँद छुपके करता है क्या इशारे÷ एक ने तो अपनी महबूबा के हुस्न को लेकर चाँद को भी पीछे छोड़ दिया वो कहता है ÷चाँद आहें भरेगा फूल दिल थाम लेंगे हुस्न की बात चली सब सब तेरा नाम लेंगें , एक ने तो माशूका को देखकर कह दिया चौदहवी का चाँद हो या आफताब हो÷ बच्चे इस चाँद को अपना मामा कहते हैं और एक स्वर में गाते है चंदा मामा दूर के पुए पकाये पूर के आप खाएं थाली में मुन्ने को दें प्याली में÷ चाँद को हिन्दू देवता मानते आये है और मुस्लिम भाइयों के लिए तो ईद के चाँद का सबसे ज्यादा महत्त्व है। इधर वैज्ञानिक भी चाँद में जीवन की खोज करने में जुटे हुए है यानि कुल जमा चाँद का और इंसानो का बड़ा गहरा रिश्ता है। चाँद की चांदनी दिल को सुकून देती है, पूनम का चाँद अजीब सी कशिश पैदा करता है और उसे छूने के लिए समुद्र की लहरें बेचैन होकर उसे चूमने के लिए बहुत ऊंचाई तक जाने की कोशिश करती हैं , लेकिन अब पता लगा है कि ये चाँद ही दुनिया में सारी गड़बड़िया फैला रहा है। नासा के वैज्ञानिकों का कहना है कि इन दिनों दुनिया में जो कुछ भी गड़बड़ सड़बड़ हो रही है यानि कहीं तूफ़ान आ रहा है, तो कहीं बादल फट रहे हैं ,कंही बाढ़ आ रही है, तो कंही सूखा पड़ रहा है, कंही ग्लेशियर पिघल रहे है तो कंही जंगलों में आग लग यही है, ये सब चाँद के कारणों से हो रहा है वे तो ये भी भविष्यवाणी कर रहे हैं कि 2030 में जलवायु परिवर्तन के चलते चाँद में लड़खड़ाहट आएगी जिसके कारण विध्वंसकारी बाढ़ आएगी जिससे भारी नुकसान होगा , लोगों की मौत भी होगी अरबों का नुकसान भी होगा। अभी तक तो अपन को ये ही मालूम था कि सूर्य भगवान गुस्सैल है जब वे अपना रौद्र रूप दिखाते है तो सारी दुनिया काँप जाती है पर ये चाँद तो बड़ा ही ÷छुपा रुस्तम÷ निकला , अपना क्या सारी दुनिया चाँद को शांत, निर्मल, मासूम, हसीन और बेहद नाजुक मानती थी पर चाँद के कारण ये सारे उपद्रव हो रहे हैं ये किसी को नहीं मालूम था , लेकिन अब नासा के वैज्ञानिकों

ये पता लगा लिया है कि चाँद को हम लोग जितना सीधा साधा समझ रहे थे वो उतना सीधा नहीं हैं। अपनी चाँद से ये ही इल्तजा है कि प्यारे चाँद तुम तो खूबसूरती की निशानी माने जाते हो तो दुनिया में उपद्रव फैला कर क्यों उसे बदसूरत बनाने पर तुल गए हो आखिर ऐसा क्या गुनाह हो गया इंसानों से कि तुम उनकी लाई लूटने पर आमादा हो गए हो , तुम्हारी लड़ाई तो ÷राहु केतु से है इंसानो को क्यों अलसेट दे रहे हो ऐसा जुलुम मत ढाना ,और जंहा तक लडख़ड़ाने की बात है अभी से अपने आप को संभाल लो ताकि लड़खड़ाने की नौबत ही न आने पाए समझ गए न।

दिल के अरमा आंसुओं में बह गए

पहले कांग्रेस सरकार ने घोषणा की थी कि हमारा महापौर जनता नहीं बल्कि हमारे जीते हुए पार्षद ही चुनेंगे उस वक्त बीजेपी ने इस बात का विरोध किया कि नहीं महापौर का चुनाव तो जनता को ही करना चाहिए लेकिन अब जब वो खुद सत्ता में आ गयी हैं तो उसने भी वो ही राग अलापना शुरू कर दिया हैं जो कांग्रेस अलापती थी , यानी अब महापौर का चुनाव जनता नहीं बल्कि पार्षद करेंगे। इस निर्णय के बाद बड़े बड़े नेताओ के अरमानों पर पानी सा फिर गया कई विधायक, कई पूर्व महापौर, कई पूर्व मंत्री महापौर के टिकिट के जुगाड़ में थे लेकिन अब उन्हें राजनीति की पहली सीढ़ी यानि पार्षद का चुनाव लड़ना पडेगा , कल तक जो मंत्री था महापौर रहा हो विधायक रहा हो वो पार्षद का चुनाव कैसे लड़ेगा ये तो सीधा सीधा डिमोशन नहीं तो और क्या है , अपने को तो ये भी पता लगा है कि अब पार्षद की टिकिट के लिए भी लोगों की लाइन लग गयी है क्योंकि उन्हें मालूम है कि अब जो भी महापौर बनना चाहेगा उनकी जमकर खातिरदारी करेगा। जम कर माल भी कटेगा एक एक पार्षद को अपने पक्ष में करने के लिए लिए महापौर का प्रत्याशी अपनी जिंदगी भर की कमाई लुटाने में संकोच नहीं करेगा लेकिन बड़े नेता बड़े ही निराश हैं अब उनका क्या होगा पार्षद का चुनाव लड़ते हैं तो किस मुंह से वोट मांगने जाएँ लोग बाग़ तत्काल से पेशतर पहले तो ये ही कहेंगे कि ÷ क्या बात है नेता जी ऐसे दिन आ गये कि आप पार्षद का चुनाव लड़ने लगे÷ अब उन्हें क्या बताएं कि पार्टी और सरकार ने उन्हें कंही का नहीं छोड़ा है ऐसा पेंच फंसा दिया है कि या तो महापौर बनने का सपना केवल सपना समझ कर भूल जाओ या फिर सारी मान मर्यादा घर के किसी पुराने हैंगर में टांग कर पार्षदी के लिए तैयार हो जाओ वैसे अब पार्षदों की अब चांदी ही चांदी होगी महापौर जो अभी तक उनका बॉस होता था उनके हाथ पैर जोड़ता नजर आएगा।

दिव्यता की विविधता

ईश्वर ने दुनिया की छोटी-छोटी खुशियां तो तुम्हें दे दी हैं, लेकिन सच्चा आनन्द अपने पास रख लिया है। उस परम आनन्द को पाने के लिए तुम्हें उनके ही पास जाना होगा। ईश्वर को पाने की चेष्टा में निष्कपट रहो। एक बार परम आनन्द मिल जाने पर सब-कुछ आनन्दमय है। परमानन्द के बिना संसार की खुशियां अस्थाई हैं। तुमने ईश्वर को सदैव पिता के रूप में देखा है परंतु क्या तुम ईश्वर को एक शिशु के रूप में देख सकते हो? जब तुम ईश्वर को शिशु के रूप में देखते हो तो तुम्हारी कोई मांग नहीं होती। ईश्वर तो तुम्हारे अस्तित्व का अन्तःकरण है। ईश्वर तुम्हारा शिशु है। वे तुमसे बच्चे की तरह चिपककर रहते हैं जब तक तुम वृद्ध होकर मर नहीं जाते। संसार में उनके पोषण के लिए उन्हें तुम्हारी आवश्यकता है। साधना, सत्संग और सेवा ईश्वर के पोषक आहार हैं। ईश्वर अनेक क्यों नहीं हो सकते? यदि ईश्वर ने मनुष्य को अपनी ही छवि के अनुसार बनाया है, तो उनकी छवि क्या है? अप्रीकी, मंगोलियन, कॉकेसियन, जापानी या फिलिपिनो? मनुष्य इतने प्रकार के क्यों हैं, वृक्ष सिर्फ एक प्रकार का नहीं होता। सांप, बादल, मच्छर या सब्जी सिर्फ एक प्रकार के नहीं। तो फिर केवल ईश्वर को ही एक क्यों होना चाहिए? जिस चेतना ने इस सम्पूर्ण सृष्टि की रचना की है और जो विविधता प्रेमी है, वह नीरस कैसे हो सकती है? ईश्वर को विविधता पसंद है, तो वे भी अवश्य ही वैविध्यपूर्ण होंगे। ईश्वर अनेक नाम, रूप और प्रकार से अभिव्यक्त होते हैं। कुछ विचार-धारा के व्यक्ति ईश्वर को उनके विभिन्न रूपों में प्रकट होने की स्वतंत्रता नहीं देते। वे उन्हें एक ही रूप में चाहते हैं। अवसर के अनुसार जब तुम अपना रूप बदलते हो तो फिर कैसे सोच सकते हो कि चेतना में कोई विविधता न हो? हमारे पूर्वज इस बात को समझते थे इसीलिए, उन्होंने दिव्यता के अनन्त गुणों व रूपों का ज्ञान कराया। चेतना नीरस और उबाऊ नहीं है। जो चेतना इस सृष्टि का आधार है, वह गतिमान और परिवर्तनशील है। ईश्वर एक ही नहीं, अनेक हैं। जब तुम दिव्यता की विविधता को स्वीकार करते हो, तब कट्टर और रूढ़िवादी नहीं रह जाते।

सोच बदलिए महिलाओं के प्रति, कपड़े किसी का चरित्र नही तय कर सकते

सोनम लववंशी

एक तरफ हम चांद और मंगल पर जीवन बसाने की संभावनाएं तलाश रहे हैं। तो वही दूसरी तरफ हमारे समाज का एक बड़ा तबका महिलाओं के ड्रेसकोड में ही उलझा हुआ है। अब हम इक्कीसवीं सदी में भले पहुँच गए हो, लेकिन महिलाओं के कपड़ो को लेकर राजनीति आम हो चली है और हो भी क्यों न? आधुनिकता की दौड़ में हमारे संस्कारों की परिभाषा जो बदल गई है। ऐसे में सोचने वाली बात तो यह है कि क्या हमारी संस्कृति इतनी कमजोर है जिसे अब कपडों से परिभाषित करना पड़ रहा है? क्या अब वस्त्र ही हमारे सभ्य और असभ्य होने की परिधि तय करेंगे? मान लीजिए किसी के पति या पिता की मौत हुई है। तो क्या पहले वह ड्रेस पर ध्यान केंद्रित करें या उससे भी कोई ज़रूरी बात होती है। यह तो समाज को स्वयं तय करना चाहिए। ऐसा कहने के पीछे कारण है। बीते दिनों मंदिरा बेदी के पति का असमय निधन हो गया। जिसके बाद उन्हें ट्रोल किया जाने लगा कि उन्होंने ऐसे कपड़े क्यों पहने फलाँ-फलां बातें हुई। अब सवाल यहीं क्या कोई महिला जिसके पति का निधन हुआ। वह पहले उस कपड़ें पर ध्यान केंद्रित करें या फ़िर पति के जाने का गम मनाएं? यह काफ़ी साधारण सी बात है कि कोई भी व्यक्ति पहले से तो ऐसे दुःखद समय के लिए तैयार नहीं रहता। फ़िर ऐसे अजीबोगरीब सवाल से किसी की आत्मा और हमारे संस्कारों को औछा आख़िर क्यों साबित करना। जिसपर आज के दौर में हमारे समाज को बोलना चाहिए। उन विषयों पर तो हम येन-केन प्रकारेण चुप्पी साध लेते हैं और जिन विषयों पर नहीं बोलना। उस पर बेवज़ह बोलकर हम बात का बतंगड़ बनाते। यह हमारे समाज में बड़ी ही अचरज़ वाली स्थिति निर्मित होती जा रही है। मंदिरा बेदी को पति के निधन के बाद कैसे कपड़े पहनने चाहिए या नहीं। क्या उन्हें उत्तरप्रदेश में हुई वह घटना याद नहीं आई। जब योगीराज में एक महिला प्रस्तावक के दामन को तार-तार करने वाली घटना घटित हुई? मतलब नज़रिए की भी हद्द होती है।

बकरीद पर बकरो का वध करना कितना उचित ?

अरविन्द प्रेमचंद जैन

चांद की दसवीं तारीख को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार मनाया जाता है। 21 जुलाई को देशभर में मनाया जाएगा कुर्बानी का त्योहार इस तरह 21 जुलाई को देशभर में यह कुर्बानी का त्योहार मनाया जाएगा।

इस्लाम में ईद के बाद इस त्योहार का बड़ा महत्व है। इस दिन पैगंबर हजरत इब्राहीम की याद में बकरे या बड़े जानवर की कुर्बानी दी जाती है। कहा जाता है कि हजरत इब्राहीम को कई मन्नतों बाद एक औलाद पैदा हुई जिसका नाम उन्होंने इस्माइल रखा। एक रात ख्वाब में हजरत इब्राहीम से अल्लाह ने उनकी सबसे सबसे प्यारी चीज की कुर्बानी मांग ली। अल्लाह के हुक्म पर वह अपने बेटे की कुर्बानी देने को तैयार हो गए। बेटे की कुर्बानी देने के वक्त हजरत इब्राहीम ने अपनी आंखों पर पट्टी बांध ली। कुर्बानी देने के बाद जब हजरत इब्राहीम ने अपने आंखों से पट्टी हटाई तो देखा कि उनका बेटा तो जिंदा है और बेटे की जगह अल्लाह ने एक दुंबे (एक जानवर) को कुर्बान कर दिया था। यहीं से इस्लाम में इस रिवायत की शुरुआत हुई।

मै विगत 35 वर्षों से शाकाहार ,जीवदया अहिंसा पर भारतीय शाकाहार परिषद् के नाम से और अब शाकाहार परिषद् भोपाल के नाम से अकेले काम कर रहा हु। पहले सागर ,रहली मै काम किया ,और अभी भी कर रहा हु.

विगत 34 वर्षों का अनुभव कम नहीं होता। शाकाहार जागृति नाम का एक बुलेटिन भी निकलता हैं सागर से। मै अकेले यह काम कर रहा हु कारण ये विषय ऐसे हैं जिसे मै नीरस मानता हु पर मैंने उसे सरस बनाया. नीरस ऐसे जैसे आप किसी को अंडा ,मांस, मछली, शराब, बीड़ी ,सिगरेट को मना करो तो वह चिढ़ता हैं अपने परिवार मै। नाते रिश्तेदारों को समझाओ भाई ,बहिनो सिल्क की साड़ी न पहनो , लिपस्टिक न लगाओ,चमड़े की चप्पल न पहनो, ब्रेड मत खाओ ,तो वही से विवाद शुरू हो जाता हैं। आप अपने परिवार जनों को नहीं समझा सकते। मेने 34 वर्षों से चमड़े के जूते, बेल्ट ,पर्स ,बैग आदि का त्याग कर दिया इसी पर विरोध ,तुम्हारे अकेले से क्या होगा ?हमारी समाज जैन समाज को अधिक समझने की जरुरत नहीं होना चाहिए पर आज उन्हें अधिक समझाना जरुरी हैं मै नहीं मानता की हमारी समाज मै ये बुराइया नहीं हैं पर अछूती भी नहीं कह सकते। यह आत्म चितन ,मनन का विषय हो सकता हैं।

अब मूल मुद्दे की बात करूँगा की जैसे आप बिना मंदिर के दर्शन किये बिना नहीं रह सकते पर हजारों लोग रहते हैं ,नहीं जाते मंदिर। मानवीय स्वाभाव हैं विरोध करना। ÷हमने सीखा हैं हमें झूठ नहीं बोलना चाहिए ,हमें सच बोलना चाहिए यह नहीं सिखाया गया। ÷ मेने एक लेख लिखा हैं÷अंडे खाओ और ह्रदय रोग बुलाओ÷ बहुत चर्चित हुआ। सबने आश्चर्य से पढ़ा और टिप्पणी की। आप अपने आपको पूर्ण शाकाहार कहते हैं पर मैं नहीं मानता कारण इतनी जागृति के बाद भी हमें और जगाना होगा. हमारे संत,मुनि ,विद्वान खूब बताते हैं ,समझते हैं पर हम नहीं समझते उसका एक कारण आर्थिक सम्पन्नता। हम अपने अपने द्वीप मै रह कर प्रसन्न हैं. गरीब यदि कुछ गलत करता हैं तो पाप और रईस /समाज सुधारक/ धर्म के ठेकेदार करे तो वह शौक। शाकाहार जैसे मुद्दे पर अपनी समाज को समझाना पड़ रहा हैं। कितने समाज के लोग चमड़े का त्याग किये हैं ,कितने सिल्क कोसा का त्याग किये हैं कितने लिपस्टिक का त्याग करे कितने ब्रेड बिस्कूट नहीं खाते ? अभी पंडाल के बाहर देखो आचार्य श्री के चातुर्मास मै। आप अपनी आदत नहीं सुधार सकते और हम अन्य समाज के लोगों से अपेक्षा रखे की वे हज़ारों वर्षों की परम्परा को त्याग दे।

अभी आप सिंधी पंजाबी लोगों से कह कर देखो की आप शराब ,मांस कहना छोड़ दो उनके यहाँ ये अनिवार्य हैं। कुछ हिन्दू समाज मै ऐसे जातिया हैं वे मांस भक्षण करती हैं। हमारे पूर्व प्रधान मंत्री जी श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी स्वयं मांस भक्षण करते थे और हैं.ऐसे हजारो उदाहरण हैं। अब प्रश्न बकरीद पर बहुत पोस्ट वाट्सएप्प ,फेस बुक आदि पर आयी और सबने अपने अपने तर्क दिए की यह नहीं होना चाहिए। मै भी सहमत हूँ की अनावश्यक हिंसा नहीं होना चाहिए पर परम्परा को आप एक दिन में नहीं बदल सकते जैसे आप अपनी परम्परा के नहीं बदल सकते। इस काम मै व्यकिगत चर्चा से बहुत सफल हल निकलता हैं। मेरे द्वारा अनेकों को तर्क ,साहित्य से समझाया और उनको कहा खूब खाओ और मौत बुलाओ। अभी नहीं छोड़ोगे तो बाद मै इससे उनके ऊपर प्रभाव पड़ा। आप समूह में विरोध करोंगे तो सब एक विचारधारा के नहीं होते वे आपका विरोध करेंगे। क्योकि यह सामजिक प्रतिष्ठा का प्रश्न हैं ,इसे व्यक्तिगत रूप से समझाओगे तो समझेंगे, जिसे आप हिंसा कहते उसे वे अपना धर्म मानते। वास्तव में यह धार्मिक न होकर स्वास्थ्य से सम्बंधित हैं और यह आर्थिक सम्पन्नता का सूचक हैं। मुसलमानों में भी जो गरीब हैं वे नहीं खा सकते पर हमारी संपन्न समाज ही इन पर पैसा व्यय करता हैं और कर सकता हैं।

यह विषय आस्था से जुड़ा हैं इसलिए इस प्रकार का विरोध मेरे मत से ठीक नहीं हैं। उनके लोग भी हमारे बारे में कटाक्ष करते हैं की आपके यहाँ नग्नता का क्यों चलन हैं ? अब आप इसको उन्हें समझाओ वो नहीं समझ सकते जैसे वे ईद मै मांस खाना क्यों जरुरी हैं ?

इसका समाधान मैंने सोचा ,समझा सबसे पहले हम लोग यदि चमड़े के जूते चप्पल ,बेल्ट, पर्स से शुरुआत करे तो इनके नाम से कटने वाले जीव की हत्या रुक सकेगी। एक एक बूँद से सागर भरता हैं इसकी शुरुआत अपनी समाज से शुरू करो व्यापारी रोना शुरू कर देंगे।

ब्रेड बिस्कूट इत्र ,परफ्यूम। सिल्क कोसा की साड़ी का त्याग करो बस फिर देखो मजा। हम पहले खुद सुधरे फिर दूसरों को प्रवचन दे।

अनावश्यक तर्कों से कोई सुधार नहीं होगा। जब तक उनमे स्वयं जाग्रति ,समझ ,ज्ञान लाभ हानि की जानकारी नहीं आएंगी.

पर्दे पर बिन ब्याही मां से शुरुआत फिर शेखर कपूर से डेटिंग के किस्से, ऐसा है प्रीति जिंटा का अतीत

बॉलिवुड की बबली गर्ल प्रीति जिंटा आज (31 जनवरी) अपना 46वां जन्मदिन मना रही हैं। प्रीति बड़े पर्दे से दूर हैं लेकिन एक वक्त पर टॉप ऐक्ट्रेसस में से एक रह चुकी हैं। प्राति ने अपनी लाइफ में काफी उतार-चढ़ाव देखे। उनका नाम कई कॉन्ट्रोवर्सीज से भी जुड़ा। करियर की शुरुआत में बिन ब्याही मां का रोल निभाना हो या एक्स बॉयफ्रेंड के खिलाफ केस करना, प्रीति ने हमेशा अपने दिल की सुनी है। यहां हैं उनकी जिंदगी से जुड़े कुछ फैक्ट्स।प्रीति जिंटा का जन्म हिमाचल प्रदेश के शिमला में हुआ था। उनके पिता दुर्गानंद आर्मी अफसर थे और मां नीलप्रभा हाउसवाइफ थीं। 13 साल की उम्र में एक कार एक्सिडेंट में उन्होंने अपने पिता को खो दिया था। इस हादसे में उनकी मां को काफी चोटें आई थीं और 2 साल बाद उनका भी निधन हो गया था।प्रीति जिंटा 1996 में एक दोस्त की बर्थडे पार्टी में एक डायरेक्टर से मिलीं। इसके बाद उन्हें चॉकलेट का ऐड मिला। 1997 में प्रीति जिंटा एक दोस्त के ऑडिशन में साथ गई थीं। वहां उनकी मुलाकात शेखर कपूर से हुई। वहां शेखर कपूर की नजर उन पर पड़ीं और उन्होंने प्रीति को ऐक्ट्रेस बनने के लिए कहा।प्रीति ने शेखर कपूर की फिल्म च्तारा रम पमज् से डेब्यू किया था। इसमें उन्हें रितिक रोशन के साथ साइन किया गया था। यह फिल्म रिलीज नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने च्क्या कहनाज् में लीड रोल निभाया था। इस फिल्म में प्रीति बिन ब्याही मां बनी थीं। उस वक्त पर इस तरह का किरदार निभाना बोल्ड डिसीजन था लेकिन प्रीति को इस फिल्म में काफी तारीफ मिली थी।प्रीति जिंटा और शेखर के अफेयर के चर्चे भी सुर्खियों में रहे हैं। शेखर की पत्नी सुचित्रा कृष्णमूर्ति ने आरोप लगाया था कि प्रीति उनके और शेखर के बीच आ गई हैं। हालांकि प्रीति ने एक इंटरव्यू में कहा था कि सुचित्रा को वहम हुआ है और उन्हें अपना इलाज करवाना चाहिए।प्रीति जिंटा और नेस वाडिया के अफेयर और ब्रेकअप के चर्चे रहे हैं। प्रीति नेस वाडिया के साथ रिलेशनशिप में थीं। इसके बाद उन्होंने नेस पर मोलेस्टेशन के आरोप में केस कर दिया था।प्रीति अब जीन गुडइनफ से शादी कर चुकी हैं। उन्होंने लॉस ऐंजिलिस में गुपचुप शादी करके बाद में फैन्स को खबर दी थी। बताया जाता है कि जीन और प्रीति लंबे वक्त से दोस्त थे। प्रीति ने वानखेड़े स्टेडियम में मोलेस्टेशन पर नेस वाडिया के खिलाफ जो शिकायत दर्ज की थी, जीन उसमें मुख्य गवाह भी थे।

प्रभास संग जमेगी श्रुति हासन की जोड़ी, सलार में किया गया कास्ट

बाहुबली फेम ऐक्टर प्रभास की फिल्म सलार के बारे में कई अपडेट इन दिनों चर्चा में हैं। बीते दिनों खबर आई थी कि इस फिल्म की शूटिंग वह सिर्फ 45 दिन में पूरी करेंगे। हालांकि अधिकारिक तौर पर इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई थी। वहीं अब इस फिल्म ऐक्ट्रेस को लेकर भी खबर सामने आ रही हैं। खबर है कि च्सलारज् में श्रुति हासन की एंट्री हो गई है। ऐसे में प्रभास और श्रुति के फैंस तो काफी खुश हैं। जानकारी के अनुसार हाल ही ऐक्ट्रेस श्रुति हासन ने अपना बर्थ डे सेलिब्रेट किया है। इस दौरान हर कोई उनको जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहा है। लेकिन इसी बीच मेकर्स ने अनाउंसमेंट की है कि श्रुति फिल्म च्सलारज् का हिस्सा होंगी। फिल्म निर्देशक प्रशांत नील ने श्रुति को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, च्सलारज् में आपका स्वागत है।ज् बता दें, इस फिल्म के जरिए एक बार फिर से प्रभास बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। बता दें इससे पहले फिल्म को लेकर प्रभास ने कहा, च्मेरा किरदार काफी इंटेंस है। मैंने ऐसा रोल अपनी किसी फिल्म में नहीं किया है। मैं फिल्म की शूटिंग शुरू करने के लिए बहुत उत्सुक हूं।ज् वहीं च्सलारज् के निर्देशक प्रशांत नील ने कहा था कि प्रभास को लोगों ने इससे पहले ऐसे अवतार में कभी नहीं देखा होगा।

जान्हवी कपूर ने गुड लक जेरी टीम के साथ खेला क्रिकेट, सिंपल लुक में पहचानना मुश्किल

जान्हवी कपूर फिल्म गुड लक जेरी की शूटिंग के लिए चंडीगढ़ में हैं। उनका एक वीडियो सामने आया है। इसमें पैकअप के बाद वह टीम के लोगों के साथ क्रिकेट खेलती दिखाई दे रही हैं। बता दें कि किसानों को प्रदर्शन की वजह से इस फिल्म की शूटिंग में बार-बार दिक्कत आ रही है।

किसानों ने सेट पर जाकर किया था विरोध: बीते दिनों किसानों के प्रदर्शन के चलते फिल्म की शूटिंग रोकनी पड़ी थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ लोगों ने सेट्स पर जाकर जान्हवी वापस जाओ के नारे भी लगाए थे। खबर है कि एक बार फिर से कुछ किसान सेट्स पर पहुंचे और कृषि कानून के विरोध में जान्हवी का स्टेटमेंट मांगने लगे। इसके बाद कुछ देर के लिए फिल्म की शूटिंग रोकनी पड़ी।

सुजैन खान के घर आया नया मेहमान, नाम रखा है पर्पल खान

रितिक रोशन की एक्स-वाइफ सुजैन खान के घर में नया मेहमान आया है। यह नया मेहमान एक छोटा सा पपी है जिसका नाम सुजैन ने पर्पल खान रखा है। सोशल मीडिया पर ऐक्टिव रहने वाली सुजैन ने अपने इस पपी की की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। तस्वीर में सुजैन के पीछ उनका बेटा रिदान भी खड़ा दिखाई दे रहा है।अपने इंस्टाग्राम पर पपी को लिए सुजैन ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, च्हेलो ब्यूटीफुल पर्पल... हमारी परिवार में स्वागत है। जाय और माल्जो की लिटिल प्रिंसेज. पर्पल खान।बता दें कि पिछले दिनों सुजैन खान खबरों में थीं जबकि मुंबई के एक क्लब में देर रात गैरकानूनी तरीके से चलने वाली पार्टी पर पुलिस ने छापा मारा था। खबर आई थी कि इस पार्टी में सुजैन खान भी शामिल थीं और उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार किया था। हालांकि बाद में सुजैन ने सोशल मीडिया पर सफाई देते हुए कहा कि उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया था।

सुजैन खान इंटीरियर डेकोरेशन में करती हैं खूब मेहनत, ये वीडियो देख रितिक रोशन भी हैरान: सुजैन खान और रितिक रोशन अलग हो चुके हैं लेकिन दोनों के बीच अभी भी अच्छी दोस्ती है। दोनों अक्सर सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के लिए कॉमेंट करते रहते हैं। रीसेंटली उन्होंने अपने काम से जुड़े वीडियो क्लिप्स पोस्ट किए हैं। इस पर रितिक का कॉमेंट सबका ध्यान खींच रहा है।

रितिक रोशन ने की एक्स-वाइफ की तारीफ: सुजैन खान जानी-मानी इंटीरियर डिजायनर हैं। उन्होंने अपने काम से जुड़ी वीडियो क्लिप्स पोस्ट की हैं। इसमें वह डेकोरेशन का काम करती दिखाई दे रही हैं। उनके इस वीडियो की इंडस्ट्री के दोस्तों ने तारीफ की है। इस पर रितिक रोशन का कॉमेंट भी दिखाई दे रहा है। रितिक ने थम्सअप का इमोजी बनाते हुए अमेजिंग लिखा है।

बच्चों की परवरिश के लिए साथ हैं रितिक-सुजैन: रितिक रोशन और सुजैन खान 2014 में तलाक लेकर अलग हो चुके हैं। हालांकि बच्चों की परवरिश दोनों मिलकर कर रहे हैं। रितिक को सुजैन दुनिया का सबसे अच्छा पिता और अपना बेस्ट फ्रेंड मानती हैं। दोनों बच्चों के साथ अक्सर आउटिंग पर भी देखे जाते हैं।

आमिर खान ने रोकी लाल सिंह चड्ढा की शूटिंग, जयपुर के लिए हुए रवाना

बॉलिवुड अभिनेता आमिर खान दोस्तों के दोस्त माने जाते हैं। कहा जाता है कि वह दोस्तों को कभी नहीं भूलते हैं। ऐसा ही कुछ अब फिर से देखने को मिल रहा है। खबर है कि आमिर अपनी 20 साल पुरानी दोस्ती को निभाने के लिए जयपुर रवाना हो गए हैं। आमिर खान और उनके पुराने मित्र अमीन हाजी की दोस्ती दो दशक पुरानी है। ऐक्टिंग के बाद अमीन निर्देशन की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। उनकी इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों जयपुर में हो रही है। वहीं अपने दोस्त की इस फिल्म में आमिर कैमियो में नजर आएंगे। खास बात यह है कि मिस्टर परफेक्शनिस्ट माने जाने वाले आमिर खान ने इसके लिए अपनी फिल्म च्लाल सिंह चड्ढाज् की शूटिंग बीच में रोक दी है। सूत्रों के अनुसार अमीन ने जब आमिर को बताया कि वह एक थ्रिलर फिल्म से निर्देशन में डेब्यू करने जा रहे हैं तो आमिर ये जानकर काफी रोमांचित थे। इसलिए उन्होंने अमीन की इस फिल्म में कैमियो के लिए हामी भर दी है। आमिर अपनी फिल्म च्लाल सिंह चड्ढाज् की शूटिंग को बीच में ही छोड़कर कैमियो की शूटिंग के लिए जयपुर रवाना हो गए हैं। वह जयपुर के एक स्टूडियो में 5 दिन तक एली अवराम के साथ गाने की शूटिंग करेंगे। इस गाने के लिए एक बड़े सेट को बनाया गया है। गाने को तनिष्क बागची ने कंपोज किया है वहीं गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य हैं। इसके अलावा गाने को बोस्को और सीजर कोरियोग्राफ करेंगे।

कियारा आडवाणी चुपके से पहुंचीं बॉयफ्रेंड सिद्धार्थ मल्होत्रा के घर, फटॉग्रफर्स को देख हो गईं हैरान

पिछले काफी समय से बॉलिवुड के गलियारों में चर्चा है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि इन दोनों में से किसी ने भी आज तक इस बात को कन्फर्म नहीं किया है। हालांकि सिद्धार्थ और कियारा अक्सर साथ देखे जाते हैं और साथ में छुट्टियां बिताने के लिए बाहर भी जा चुके हैं। हाल में कियारा को सिद्धार्थ मल्होत्रा के घर पर देखा गया। हालांकि वहां पर फटॉग्रफर्स को देखकर वह चौंक गईं।दरअसल कियारा शनिवार शाम को सिद्धार्थ के घर पहुंची थीं। हालांकि सिद्धार्थ के घर के बाहर फटॉग्रफर्स को देखकर वह चौंक गईं और तस्वीर लिए जाने पर नाराजगी जताती भी देखी गईं। इससे पहले कियारा और सिद्धार्थ पिछले हफ्ते लंच डेट पर भी साथ में निकले थे जिसमें सिद्धार्थ के पैरंट्स भी साथ में थे।बता दें कि न्यू इयर पर सिद्धार्थ और कियारा साथ में छुट्टी बिताने मालदीव भी गए थे। अब यह दोनों पहली बार फिल्म शेरशाह में साथ दिखाई देंगे। फिल्म में सिद्धार्थ करगिल युद्ध में शहीद हुए परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा का किरदार निभाएंगे जबकि कियारा आडवाणी उनकी मंगेतर डिंपल चीमा के किरदार में दिखाई देंगी। कियारा के पास इसके अलावा भूल भुलैया 2 और जुग जुग जियो जैसी फ्लिमें भी हैं।

आयुष्मान खुराना कर रहे हैं काजीरंगा नैशनल पार्क में मस्ती

अभिनेता आयुष्मान खुराना इन दिनों फिल्ममेकर अनुभव सिन्हा के साथ उत्तर पूर्वी भारत के गुवाहाटी में अपनी स्पाई थ्रिलर फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। लेकिन आयुष्मान न सिर्फ शूटिंग कर रहे हैं बल्कि वहां की वाइल्ड लाइफ को भी खासा एंजॉय कर रहे हैं। आयुष्मान का कहना है कि वह वाइल्ड लाइफ को लेकर काफी उत्साही रहे हैं। हाल ही में वह असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान गए थे जिसके अनुभव उन्होंने साझा किए हैं।उन्होंने कहा, मैं हमेशा वन्यजीवन को लेकर उत्साही रहा हूं और मुझे सफारी पर जाने का मौका मिला। मैं काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान गया। मैं मानता हूं कि ये मेरी जिंदगी को सबसे बेहतरीन समय था। वहां मुझे गैंडों, हिरणों और हाथियों को देखने का एक अद्भुत मौका मिला।ज् वह आगे कहते हैं, च्मैं हमेशा से अपने देश की समृद्ध विविधता से प्रेरित रहा हूं। यहां एक्सप्लोर करने के लिए बहुत कुछ है। काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का ये अनुभव हमेशा मेरे दिल में रहेगा। मैं आगे भी वाइल्ड लाइफ को लेकर अपने जुनून को जारी रखूंगा और नई यादों को जोड़ूंगा। वर्क फ्रंट की बात करें तो आयुष्मान आखिरी बार फिल्म चुलाबो सिताबो में बिग बी के साथ नजर आए थे। उनकी ये फिल्म ओटीटी पर रिलीज की गई थी। हाल ही में उन्होंने अपनी फिल्म चंडीगढ़ करे आशिकी की शूटिंग भी पूरी की है। इसके तुरंत बाद वह अनुभव सिन्हा की फिल्म पर काम करने में जुट गए हैं।

ज़रीन खान बोलीं - कटरीना कैफ की लुक-अलाइक कहा, इसलिए खराब हुआ मेरा करियर

वीर, रेडी, हाउसफुल और हेट स्टोरी 3 सहित दर्जन भर फिल्मों में काम कर चुकीं, बला की खूबसूरत बॉलीवुड ऐक्ट्रेस ज़रीन खान ने नवभारतटाइम्स डॉट कॉम के फेसबुक पेज पर लाइव चैट के दौरान चिढ़ गईं। चिढ़ने की वजह थी एक सवाल, जिसमें बॉलिवुड में 11 साल पूरे कर चुकीं ज़रीन खान के सफर... पहली फिल्म वीर के मिलने और उस समय कटरीना कैफ के जैसी दिखने की खबर पर उनका अपना रिऐक्शन पूछा गया था।

बॉलिवुड में कटरीना की लुक-अलाइक कहा गया, पहले लोग कहते थे अपनी मां की तरह दिखती हो: सवाल सुनकर झल्लाई ज़रीन ने अपने गुस्से को छुपाते - मुस्कुराते हुए कहा, च्मैं कटरीना कैफ की लुक-अलाइक हूं, यह तो मुझे फिल्म इंडस्ट्री में आने के बाद पता चला, उससे पहले तो लोग मुझे कहते थे कि मैं अपनी मां के जैसी दिखती हूं। ये बात कुछ अलग ही हो गई लाइफ में, कि लोग कहने लगे ज़रीन खान, कटरीना कैफ की लुक-लाइफ हैं। मुझे लगता है, यह जो मेरी कटरीना की लुक-अलाइक वाली पहचान बनीं थी, यह मीडिया वालों ने ही बना दी थी। उस वक्त मुझे मीडिया से बात करने का मौका नहीं मिला था, क्योंकि फिल्म के जो मेकर्स थे, वह मेरा लॉन्च अलग ढंग से करने वाले थे।

मीडिया ने मुझे कटरीना कैफ का लुक-अलाइक बना, सारा काम खराब कर दिया: अब मीडिया तो मीडिया है। मीडिया को सबकुछ वक्त से पहले जानना होता है और उनके इस समय से जानने की वजह से मेरा सब कुछ काम खराब हो गया। मीडिया ने न्यूज़ में दे दिया कि फिल्म वीर में जो लड़की है वह कटरीना कैफ जैसी दिखती है और मेरा सारा काम खराब कर दिया। इस खबर से हुआ यह की दर्शकों में यह फीड कर दिया गया कि वीर में जो लड़की है, वह कटरीना जैसी दिखती है और इस तरह लोगों को मेरे बारे में अपनी खुद की ऑपिनियन बनाने का मौका ही नहीं दिया गया।

कटरीना कैफ के लुक-अलाइक होने की बात मेरे फेवर में नहीं हुई: कटरीना कैफ की लुक-अलाइक की खबर ने मेरे फेवर में कोई काम नहीं किया। इस फिल्म इंडस्ट्री में जो भी लोग आते हैं, वह खुद की पहचान बनाने आते हैं, न कि किसी के शैडो के अंदर रहना चाहते हैं। अगर मैं इस बॉलिवुड इंडस्ट्री के बाहर की होती तो कटरीना कैफ के जैसी दिखने की बात सुनकर बहुत ज्यादा खुश होती क्योंकि वह बहुत ही खूबसूरत हैं और इतनी सुंदर महिला से खुद की तुलना लगता बहुत अच्छा भी लगता है।

11 साल से कटरीना कैफ लुक-अलाइक की इमेज से निकलने की कोशिश कर रही हूं: मैं तो इन इंडस्ट्री की बन गई और मुझे अपनी खुद की पहचान बनाने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी और अब जाकर 11 साल के बाद मैं जब मुझे यह लगा कि मैंने अपनी पहचान बना दी है, सबसे पहले आपने ही यह सवाल पूछ लिया कि अच्छा आप तो कटरीना की लुक-लाइक थीं जब आई थीं। मुझे लगता है यह मीडिया इस खबर से मेरा पीछा नहीं छूटने देगी, बाकी क्या ही बोलें।

कुछ लोग कहते हैं, मैं सनी लियोनी के जैसी दिखती हूं: ज़रीन, चिढ़ और गुस्से के साथ जोर से हंसते हुए आगे कहती हैं, च्मुझे तो ऐसा लगता है कि मेरा तो यूनिवर्सल फेस हैं, मैं कई लोगों की तरह दिखती हूं। कोई बोलता है पूजा भट्ट की छवि है, कोई कहता है प्रीती जिंटा के जैसी है, कोई मुझे अमेंडा की तरह कहता है तो कोई सनी लियोनी के जैसे दिखती हो। अब मुझे यह समझ नहीं आता कि मैं कभी खुद की तरह क्यों नहीं दिखती हूं, बाकी लोगों की तरह क्यों दिख रही हूं सभी को।

कटरीना कैफ संग हुई मेरी तुलना नेगेटिव हो गई: चकिस तरह के नुकसान हुए कटरीना के लुक-अलाइक कहने की वजह से ? इस सवाल के जवाब में जवाब में जरीन ने कहा, च्देखिए यही नुकसान हुए की इस फिल्म इंडस्ट्री में कोई भी फिल्म मेकर किसी की लुक-लाइक के साथ बिल्कुल भी काम नहीं करना चाहता है। अब ऐसा भी तो नहीं था न कि कटरीना कैफ फिल्म इंडस्ट्री में वर्किंग टाइम पूरा हो चूका था। कटरीना तो आज भी सुपरस्टार हैं।

स्नेहा उल्लाल को ऐश्वर्या राय बच्चन का लुक-अलाइक कह उस बेचारी का करियर बर्बाद किया गया: उस समय कटरीना कैफ के साथ हुई मेरी तुलना काफी नेगेटिव हो गई। आप तो जानते हैं कि मुझसे पहले सलमान खान ने स्नेहा उल्लाल को भी लॉन्च किया था, उस बेचारी के टाइम पर उसको भी ऐश्वर्या राय बच्चन दिखती है, कहकर उसका काम भी खराब कर दिया था। जब मैं आई तो कटरीना दिखती है कहकर मेरा काम भी खराब कर दिया।

बॉलिवुड में कोई भी किसी का लुक-अलाइक होना पसंद नहीं करता: इस तरह हमको हमारी खुद की छवि बनाने का मौका ही नहीं दिया गया। हमको, खुद को लोगो के सामने रखकर उन दर्शकों को हमें जज करने का मौका नहीं दिया गया, मौका मिलता तो लोग तय कर लेते कि यह लड़की कटरीना कैफ जैसी दिखती है या नहीं दिखती है। फिल्म इंडस्ट्री में कोई भी लुक-अलाइक नहीं रहना चाहता है। जब मीडिया आपकी लुक-लाइक की इमेज बना देती है तो फिल्म मेकर्स के दिमाग में भी सवाल खड़े होते हैं।

भले टॉप की हिरोइन नहीं, लेकिन जहां भी हूं, अपने दम पर हूं: मेरे जैसी लड़की के लिए कितना मुश्किल था यह सफर, एक तो मैं फिल्म इंडस्ट्री के बाहर से थी, कोई फ़िल्मी परिवार से थी नहीं कि इस लुक-अलाइक की इमेज के बाद भी मुझे फिल्म में काम मिलता रहता। इस वजह से इन 11 सालों में काफी स्ट्रगल रही है।

वन-टू-वन

भिंड वाटर वर्क्स वार्ड नंबर 3 तरुण वाटिका के पास मां मनसा देवी का मंदिर बारिश का पानी व वार्ड वासियों के घरों का पानी सड़क पर उतर आया है

अरुण शुक्ला पुष्पांजलि टुडे क्राइम ब्यूरो चंबल डिविजन

भिंड वाटर वर्क्स वार्ड नंबर 3 तरुण वाटिका के पास मां मनसा देवी का मंदिर है यहां पर बारिश का पानी सड़क पर उतर आया है वार्ड वासियों ने नगर पालिका सीएमओ साहब को काफी बार आवेदन दिए लेकिन नगर पालिका से कोई आला अफसर यहां देखने नहीं आए सीएमओ साहब को फोन कर कर अवगत भी कराया गया लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकला जबकि अभी इतनी बारिश नहीं हुई आगे बारिश होगी तो शायद लोगों के घरों में पानी भरेगा नगर पालिका सीएमओ देख कर भी अनजान बन रहे हैं कहीं ना कहीं शासन की जनता के साथ यह कार्यप्रणाली गलत है जो पानी सड़कों पर उतर आया है बारिश का हो या घरों का बीमारियों का न्योता देना है मच्छर पनप रहे हैं डेंगू मलेरिया इत्यादि फैलने का डर है बच्चे बुजुर्गों माताएं बहने मंदिर परिसर में भी जाते हैं तो इसी गंदे पानी में घुसकर मंदिर में जाना होता है अनजान व्यक्तियों के साथ सड़क पर जो गड्ढे हैं और मैं हादसे भी हो जाते हैं वार्ड वासियों का कहना है प्रशासन गूंगी और बहरी अंधी होकर बिल्कुल शांत बैठी हुई है।

शांति समिति की बैठक सम्पन्न,त्योहारों के मद्देनजर भीड़ न लगाने की दी हिदायत

संतोष सिंह भदौरिया, पुष्पांजलि टुडे न्यूज़
9179661562

भिंड/ गोरमी नगर में आज शांति समिति की बैठक का आयोजन थाना परिसर में किया गया,जिसमे आने बाले त्योहार बकरीद के मनाने हेतु प्रशासन द्वारा गाइड लाइन बताई गई, बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में नायव तहसीलदार शिवदत्त कटारे एबम विशेष अतिथि के रूप में एस आई सुनील सिकरवार एबम अमित सिकरवार मौजूद थे। इस अवसर पर नायब तहसीलदार शिवदत्त कटारे ने उपस्थित मुस्लिम भाइयों एवं अन्य समाजसेवियों से बकरीद का पर्व आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में कोरोना गाइडलाइन के अनुसार मनाने की अपील की एक बार में केवल 6 लोग ही मस्जिद में नमाज पढ़ने जाएं। थाना प्रभारी ने आमजन से सुझाव भी मांगे। आज की शांति समिति की बैठक में मुस्लिम समाज एबम अन्य समाज के सैकड़ो लोगउपस्थित थे जिनमें मुख्य रूप से भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक बरिष्ठ नेता राजकुमार जैन भगवती प्रसाद थापक सुमेर यादव आरिफ खान राजू भदौरिया शिवराज यादव रणवीर परमार श्याम थोकदार रहीश खान दिनेश यादव रज्जन भदौरिया राजीव श्रीवास्तव मुन्ना खान रविंद्र यादव डॉ संतोष तिवारी डॉ अनिल मैथिल आदि उपस्थित थे।

जेएसओ भिण्ड की दो वेतन वृद्धि रोकने नोटिस जारी करने एवं

नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे

भिण्ड(ब्यूरो)। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आज अनुविभाग भिण्ड की ग्रामीण, शहरी, फूप, पीपरी एवं ऊमरी राजस्व वृत, ग्रामीण विकास में जनपद पंचायत भिण्ड एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति जेएसओ भिण्ड अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने भिण्ड नगरीय एवं ग्रामीण, फूप, पीपरी एवं ऊमरी राजस्व वृत की प्रत्येक वृत की 8 सीएम हेल्पलाइन शिकायतों में संबंधित तहसीलदार, पटवारी से बात की। साथ ही ग्रामीण विकास अंतर्गत जनपद भिण्ड की 8 एवं खाद्य एवं आपूर्ति जेएसओ भिण्ड की 5 सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकयतों में तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। भिण्ड कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने शिकायतकर्ताओं से बात कर उनका निराकरण किया। बैठक के दौरान जेएसओ भिण्ड सुनील मुदगल द्वारा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणो में सही जानकरी की फीडिंग ना किए जाने पर कलेक्टर द्वारा नाराजगी जाहिर करते हुए उनकी दो वेतन वृद्धि रोकने नोटिस जारी करने निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। साथ ही उनके द्वारा पटवारी लावन एवं भुजपुरा के वीसी से अनुपस्थित रहने पर एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश भी दिए।

इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2021 के विरोध में प्रदेश के बिजली अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा किया गया दो घण्टे का विरोध प्रदर्शन

केशव पंडित जी

अम्बाह / बिजली कर्मचारियों / अभियंताओं की राष्ट्रीय समन्वय समिति नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्पलॉईस एन्ड इंजीनियर्स (एनसीसीओईई) के आह्वान पर देश भर के 15 लाख बिजली कर्मचारी व इंजीनियर द्वारा दिनांक 19.07.2021 को दो घण्टे का विरोध प्रदर्शन किया गया । विरोध प्रदर्शन में अम्बाह में मध्यप्रदेश यूनाइटेड फोरम के *ग्वालियर रीजन के कार्यकारणी सदस्य शैलेष कुचया* उपस्थित रहे । उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि बिजली कानून में व्यापक बदलाव वाले इस बिल को जल्दबाजी में पारित करने की बजाये इसे संसद की बिजली मामलों की स्टैंडिंग कमेटी को भेजा जाना चाहिए और कमेटी के सामने बिजली उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों को अपने विचार रखने का पूरा अवसर दिया जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 में उत्पादन का लाइसेन्स समाप्त कर बड़े पैमाने पर बिजली उत्पादन का निजीकरण किया गया , जिसके परिणाम स्वरूप देश की जनता को निजीघरानों से बहुत महंगी बिजली की मार झेलनी पड़ेगी, अब इलेक्ट्रिसिटी (अमेडमेंट बिल 2021 के जरिये बिजली वितरण का लाइसेंस लेने की शर्त समाप्त की जा रही है , जिससे बिजली वितरण के सम्पूर्ण निजीकरण का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा,इस बिल में प्रावधान है कि किसी भी क्षेत्र में एक से अधिक बिजली कम्पनियाँ बिना लाइसेंस लिए कार्य कर सकेंगी और बिजली वितरण हेतु यह निजीकम्पनियाँ सरकारी वितरण कम्पनी का इंफ्रास्ट्रक्चर और नेटवर्क इस्तेमाल करेंगी । उन्होने बताया कि निजी कंपनियां केवल मुनाफे वाले औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को ही बिजली देंगी, जिससे सरकारी बिजली कंपनी की वित्तीय हालत और खराब हो जाएगी । इस प्रकार नए बिल के जरिये सरकार बिजली वितरण का सम्पूर्ण निजीकरण करने जा रही है ÷जो किसानों

और गरीब घरेलू उपभोक्ताओं के हित में नहीं है÷ । विरोध प्रदर्शन के बाद 27 जुलाई को नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्पलॉईस एन्ड इंजीनियर्स (एनसीसीओईई) के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी केंद्रीय विद्युत् मंत्री श्री आर के सिंह से दिल्ली में मिलकर उन्हें ज्ञापन देंगे । 03 अगस्त को उत्तरी क्षेत्र , 04 अगस्त को पूर्वी क्षेत्र 05 अगस्त को पक्षिमी क्षेत्र और 06 अगस्त को दक्षिणी क्षेत्र के बिजली कर्मी दिल्ली में श्रम शक्ति भवन पर सत्याग्रह करेंगे । इसके बाद 10 अगस्त को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी ।मध्य प्रदेश यूनाइटेड फोरम ने सरकार को लिखे नोटिस में कहा है कि यदि केंद्र सरकार ने 10 अगस्त के पहले संसद में बिल रखा तो देश भर के बिजली कर्मी उसी दिन से हड़ताल पर चले जाएंगे ।

इसी कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 19.07.2021 को म.प्र.के सभी कंपनी मुख्यालय , क्षेत्रीय मुख्यालय एवं जिला व डिवीजन मुख्यालयों में सांय 04-00 बजे से सांय 06-00 बजे तक विरोध प्रदर्शन किया गया है । मध्य प्रदेश यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एंप्लाइज एवं इंजीनियर के *ग्वालियर रीजन के सदस्य शैलेष कुचया* ने बताया कि केंद्र सरकार ने संसद के मानसून सत्र में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2021 संसद में रखने और पारित करने का एलान किया है , जिसके विरोध में बिजली कर्मियों को राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर जाने का फैसला लेना पड़ा है की सभा का *संचालन शैलेष कुचया* द्वारा किया गया , विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से जे,ई दिनेश तोमर,,मुकेश गुप्ता,विकाश महौर,राहुल भदौरिया अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित थे ।

भाजपा रानी मंडल कार्यसमिति बैठक आयोजित हुई

नेनाराम सिरवी, पुष्पांजली टुडे

पाली रानी / भारतीय जनता पार्टी रानी शहर मंडल कार्यसमिति की बैठक जिला अध्यक्ष मशांराम परमार, मारवाड़ विधानसभा प्रभारी व जिला महामंत्री मोहन जाट, मंडल अध्यक्ष जयन्तिलाल वैष्णव की *अध्यक्षता* में आयोजित हुई। *मुख्य अतिथि* पूर्व विधायक केसाराम चौधरी, नगरपालिका अध्यक्ष भरत राठौड,उपाध्यक्ष डालचंद चौहान, *विशेष अतिथि* - पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश आर जैन, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हेमराज जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंदूलाल जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश जैन आदि वक्ताओं ने बारी बारी से संगठन के बारे में जानकारी एवं संगठन को मजबूत करने एवं बुथ स्तर पर समिति बनाने एवं कार्यकारिणी को मजबूत करने को कहा। *इस अवसर पर*-मंडल महामंत्री प्रवीण पोरवाल, मंडल महामंत्री भरत जीनगर, भाजपा नेता कुलदीप बगा (फालना), मंडल मंत्री विक्रम सोलंकी, मंडल मंत्री आशा कवर, मंडल मंत्री मंजू सिसोदिया, मंडल मंत्री ईश्वर सिंह राजपुरोहित, पार्षद महेश भील, पार्षद नरभदा कवर राजपुरोहित , पार्षद पदम सिंह, पार्षद

जोधाराम कुमावत, पार्षद घिसुलाल चौधरी, पार्षद मनिष मेहता,रमेश माली, सवाराम, मोंटू सोलंकी, जयन्तिलाल जैन,डायाराम चौधरी, विजय परिहार, पूर्व पार्षद पूना राम बंजारा, पूना राम खारवल, रतनलाल घांची, बस्तीमल सुथार, गणपत माली, हरिश माली, नगराज वैष्णव, सुनिल बुनकर, जगदीश खारवल, राहुल सोनी, भरत बोराणा, रवि धोका, गौरव सोनी, रमेश वैष्णव, राजू वैष्णव, पूर्व पार्षद, अमृत माली, लेखराज जोशी, तरुण अरोड़ा, पूर्व पार्षद इंतजार अली, कुलदीप बगा, सुरेश भाना, सुकन राज सिसोदिया,पूर्व पार्षद हिरालाल सुथार, किशोर सुथार, ललित आगरी, हेमाराम भाट, अमित चौहान, आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद ।

आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए मेहगांव थाना परिसर में आयोजित की गई शांति समिति की बैठक

सभी धर्मों के लोग रहे मौजूद

वृजपाल सिह गुर्जर, पुष्पांजली टुडे

भिंड जिले के मेहगांव में आज सोमवार को आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए व नगर में शान्ती व्यवस्था बनाये रखने के लिए बैठक रखी गई जिसमें तहसीलदार आर एन खरे,थाना प्रभारी डी बी एस तोमर व की अध्यक्षता में थाना परिसर में शान्ती समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमे तहसीलदार ,थाना प्रभारी व द्वारा बैठक में मौजूद सभी धर्म के लोग को आगामी आने वाले त्योहारों को कोविड गाइड लाइन का पालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से मनाने व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपील की गई। इस मौके पर पप्पू चौधरी सेलू गुर्जर सभी पत्रकार और कुछ मस्जिद के मुसलमान समाज के लोग भी उपस्थित रहे सभी मौलवियों को शांति से इस त्यौहार को मनाने की अपील।

किसानों को अपना शोषण रोकना है तो जागरूक बनना पड़ेगा : नमो नारायण दीक्षित

(भारतीय किसान संघ के शैलेंद्र सिंह भदौरिया बने जिला अध्यक्ष)

नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे

भिण्ड(ब्यूरो)।भारतीय किसान संघ जिला भिंड की अटेर तहसील इकाई द्वारा किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष नमो नारायण दीक्षित ने की किसानों ने सीमांकन, नामांतरण अविवादित बटवारे, कम्प्यूटर में नाम फीड नहीं होना जैसी समस्याओं को गिनाया किसानों ने खाद, बीज एवं डीजल की मंहगाई पर चिंता जताई नमो नारायण दीक्षित ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर किसानों को अपना शोषण रोकना है तो संगठित एवं जागरूक होना चाहिए संगठन को मजबूत बनाने के लिए कुलदीप भदौरिया ने पुरानी कार्य कारण भंग कर दी चुनाव अधिकारी रमेश बाबू चौधरी ने सर्वसम्मति से नयी कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें शैलेन्द्र सिंह भदौरिया अध्यक्ष, राजेश मिश्रा, राजेन्द्र सिंह भदौरिया उपाध्यक्ष, सुरजीत सिंह नरवरिया को सचिव ब्रह्म स्वरूप बघेल, धर्मसिंह भदौरिया सरदार सिंह बघेल, शेरसिंह नरवरिया , बलवीर सिंह तोमर को कार्य कारण सदस्य बनाया गया जिला अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह नरवरिया ने आभार व्यक्त करते हुए नवीन कार्यकारिणी से आशा की किसानों की समस्याओं के लिए सतत संघर्ष करते रहेंगे।

मारवाड़ जंक्शन में मूलभूत सुविधाओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा तहसीलदार को

पुष्पाजली टुडे

पाली -मारवाड़ जंक्शन 17 जुलाई पाली जिले की सबसे बड़ी पंचायत समिति व ग्राम पंचायत दर्जे वाला शहरनुमा मारवाड़ जंक्शन कस्बा आज भी कई सुविधाओं से महरूम होने को लेकर मारवाड़ क्षेत्र की एकमात्र सरोकार स्वयंसेवी संस्था श्री साई दर्शन सेवा संस्थान के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मीणा के नेतृत्व में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम का ज्ञापन तहसीलदार रामलाल मीणा को प्रस्तुत कर जन समस्याओं से अवगत कराया गया। अधिकारी को बताया कि मारवाड़ जंक्शन में अब तक नगर पालिका नहीं होने से विकास रुका हुआ है जबकि पाली जिले में एकमात्र यही उपखण्ड मुख्यालय हैं जहां पर अब तक नगरपालिका नहीं है इसी प्रकार मारवाड़ जंक्शन में सरकारी महाविद्यालय का भवन अब तक नहीं होने ,मारवाड़ की बसावट को देखते हुए एक रोड ओवरब्रिज अब तक नहीं होने से आमजन परेशान है। सरकारी

तहसीलदार को ज्ञापन देते साई संस्था पदाधिकारी

चिकित्सालय में महिला चिकित्सक व सर्जन चिकित्सक नहीं होने से आमजन को जिला मुख्यालय पाली वह जोधपुर जाना पड़ता है। अग्निशमन गाड़ी नहीं होने से उपखंड मुख्यालय के आसपास के गांवों में जब कभी भी कोई आग लग जाती हैं तो पाली सोजत इसाली या जाडन से अग्निशमन बुलानी पड़ती है । एक अग्निशमन की मांग उपखंड मुख्यालय के लिए भी की गई है । अनेक समस्याओं के समाधान को लेकर भी चर्चा की गई। इस मौके पर एडवोकेट राजेश सोलंकी सुखराम विरायच ओम मालवीय आशुतोष दवे सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्वामी श्री आत्मानन्द कन्या शिक्षण संस्थान खिमेल विधावाडी की कार्यकारीणी की बैठक आयोजित हुई

नेनाराम सिरवी, पुष्पांजली टुडे

पाली। रानी श्री निम्बेश्वर महादेव स्थित राजपुरोहित समाज धर्मशाला में दण्डीस्वामी श्री देवानन्दजी महाराज कालन्द्री के सानिध्य एवं संस्था अध्यक्ष रघुनाथसिंह शिवतलाव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई ।संस्था प्रवक्ता सुरेश राजपुरोहित बारवा ने जानकारी देते बताया कि बैठक का मुख्य एजेण्डा बालिका शिक्षा की उत्तम पढ़ाई के लिए विधावाडी में बालिका छात्रावास भवन निर्माण सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दूओं पर चर्चा की गई। इस दौरान संस्था अध्यक्ष रघुनाथसिंह ने विगत तीन वर्षो में किये गये कार्यो का ब्यौरा दिया देते हुए बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही कोविड19 महामारी के कारण छात्रावास निर्माण कार्य शुरू नहीं हो

सका वही छात्रावास भूमि पर सहखातेदार से दण्डी स्वामी ने आपसी समझाइस कर भूमि संबंधित दस्तावेज क्लीयर किये गये ।समस्त कार्यकारीणी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद का कार्यकाल तीन वर्ष के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दोरान दण्डी स्वामी ने श्री गौधाम पथमेडा के संस्थापक स्वामी श्री दत्तशरणानंदजी महाराज का संदेश सुनाकर कहा कि श्री आत्मानंदजी कन्या छात्रावास के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया जायेगा ।उपस्थित सदस्यों द्वारा आगामी माह में पथमेड़ा महाराज जी के पास जाने की सहमति प्रदान की इस दौरान सुमेरसिंह आकदड़ा, महामंत्री जालमसिंह पुनाडिया, कोषाध्यक्ष भंवर सिंह पराखिया,रामसिह विंगरला, एडवोकेट हीरसिंह मादा ,जयरूपसिंह फालना गांव,भीमसिंह ढ़ोला नारायणसिंह मांडल,नन्दुसिंह बारवा, लालसिंह बंसत ,प्रेमसिंह सोनाणा, नारायण सिह वणदार, सुमेरसिंह ढ़ारिया, जुगलकिशोर पुनाडिया , गोरधनसिंह जीवन्दकला, भोपालसिंह ढ़ालोप, करणसिह सोकड़ा, चन्दनसिह रानी गांव , चुन्नीलाल पराखिया, भंवरसिंह सुमेरपुर, रणजीतसिह सांरगवास , प्रकाशसिंह शंखवाली, ने बालिका शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए बालिकाओं को उच्च शिक्षा देने पर विचार रखे साथ ही रघुनाथसिंह ने कहा कि एक बालिका पढ़ेगी तो आने वाली सात पीढ़ि शिक्षित होगी सभी कार्यकारीणी सदस्यों ने ध्वनी मत से श्री आत्मानंद कन्या शिक्षण संस्थान शुरू करने का अनुरोध किया अन्त मै कोरोना बीमारी से दिवगंत पुण्य आत्माओं की शांति हेतु दौ मिनट का मौन रखा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् गोहद जिला भिण्ड (म.प्र.)

क्रमांक / न.पा. / लो.नि./ 2021/2399-2400 गोहद, दिनांक 19/07/2021

// ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना //

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत समस्त इच्छुक ठेकेदारों से गोहद नगर के वार्ड क्र. 01 से 18 तक में विभिन्न स्थानों पर मिटटी एवं गिटटी सप्लाई तथा सूपा अथवा अन्य माध्यम से स्थल पर बिछाने सहित (प्रति घन मीटर में) ऑनलाईन निविदा दरें दिनांक 04/08/2021 को सांय 05-30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। दरें नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के स्ह्क प्रभावी दिनांक 10.05.2012 से आज दिनांक तक संशोधित सहित आधार पर कम / अधिक प्रतिशत आधार पर डाली जावेगी। कार्य का टेण्डर क्रमांक 2021_UAD_ 151587 _1

कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में किया गया कोई भी संशोधन उक्त वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से कोई भी प्रकाशन नहीं किया जावेगा। अतः सम्बंधित जानकारी उक्त वेवसाईट पर देखी जावे। निविदा से संबंधित अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में संबंधित शाखा में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद्
गोहद जिला भिण्ड (म.प्र.)

वन-टू-वन

बढ़ती पेट्रोलियम मूल्यबृद्धि एबम प्रदूषण को देखते हुऐ बिधुत ऊर्जा से चलित वाहन एक बेहतर विकल्प : थापक

संतोष सिंह भदौरिया, पुष्पांजली टुडे
9179661562

गोरमी। देश में बढ़ती पेट्रोलियम मूल्य वृद्धि एवं प्रदूषण को देखते हुए विद्युत ऊर्जा से चलित दो पहिया वाहन आवागमन के लिए एक बेहतर विकल्प है यह बात नगर के मेहगांव रोड स्थित गौतम मोटर्स के भव्य शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने कहीं ।इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र जैन एवं मंडल महामंत्री निर्मल आर्य उपस्थित थे विद्युत चलित दुपहिया वाहन के शोरूम के शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने कहा के आज नगर के लिए बेहद खुशी का दिन हैनगर के दो पढ़े-लिखे युवाओं ने पेट्रोल के बढ़ते हुए दामों को देखते हुए विद्युत ऊर्जा से चलने वाले वाहनों की उपलब्धता गोरमी नगर में की। इससे आम आदमी की जेब पर रोजाना का जो भार रहता था वह कम हो जाएगा आगे चलकर कुछ ही समय में चार पहिया वाहन भी विद्युत ऊर्जा से चलने वाले भी बाजार में आने वाले हैं शुभारंभ के पूर्व संचालक विनोद यादव एवं गांधी यादव ने उपस्थित सभी अतिथियों का टीका लगाकर स्वागत किया इस अवसर पर मुख्य रूप से सुमेर सिंह यादव रामजीलाल थापक सुंदर सिंह यादव राजू भदोरिया कल्याण सिंह परमार शिवराज यादव दिवाकर मिश्रा अमन गुप्ता राहुल शर्मा नीरज यादव सोनू यादव सुरेश चौधरी भानु यादव बंटी यादव आदि उपस्थित थे।

आगामी त्यौहारो के चलते हुई शांति समिति की बैठक आयोजित

मोहन मांझी, पुष्पांजली टुडे

गोहद -आगामी 21 जुलाई को बकरीद (ईद उल अजाह) एवं श्रावण मास की कांवर यात्रा की तैयारियों के चलते गोहद एवं गोहद चौराहा थाना क्षेत्र में प्रांगण में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आगामी त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने हेतु लोगों से आग्रह किया एवं व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी साथ ही त्योहार शांतिपूर्ण मनाने के लिए लोगों से सुझाव भी आमंत्रित किए लोगों ने अपने अपने सुझाव देकर भाई चारे के साथ शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने के लिए लोगों कोविड गाइड लाइन का पालन करने की अपील की इस मौके पर एसडीओपी नरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कोरोना की अन्य देशों में लहर तेज है इसलिए सभी को गाइडलाइन का पालन करना है साथ ही जिलाधीश के आदेशानुसार पूजा पाठ इत्यादि अधिकतर सिर्फ 6 लोगों के मौजूदगी में कर सकेंगे साथ ही आपराधिक प्रवृत्तियों पर रोक लगाने के लिए नगर के प्रमुख जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए भी प्रस्ताव रखा जिस पर सीएमओ सतीश दुबे द्वारा शीघ्र ही कैमरे लगवाने के लिए सहमति जताई साथ ही नगर में हो रहे ट्रेफिक एवं हाथ ठेलो आदि से हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर पालिका राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुहिम चलाने पर सहमति बनी जो 20 जुलाई से निरंतर कार्रवाई करते हुए नगर से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया चलाई जाएगी, इस मौके पर एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी थाना प्रभारी गोपाल सिकरवार, चौराहा थाना प्रभारी ओपी मिश्रा आशीष यादव ,तहसीलदार रामजी लाल वर्मा, सीएमओ सतीश दुबे ,आकाश त्यागी,शाबू खान ,हसमत अली ,हशरत खान गुड्डू,टोनी मुद्गल, भीकम कोशल,अबरार खां,लाखन गुर्जर,जाविद पठान, अमर सिंह जाटव ,आरिफ पठान,सहित लगभग 2 दर्जन से अधिक लोग मौजूद थे।

कैलाश वासी माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन कोविड-19 सेंटर पर 434 लोगों को लगाई गई वैक्सीन'

(भाजपा नेता रमेश दुबे ने कहा सभी को लगाई जाएगी वैक्सीन जनता धैर्य बनाए रखें)

नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे

भिण्ड(ब्यूरो)। भाजपा द्वारा चलाए जा रहे कोविड-19 पीड़ित परिवार जनों की सहायता और वैक्सीन अभियान के तहत कैलाशवासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के तहत भिंड शहर के बाहर मंडल धर्मशाला में आयोजित कोविड-19 सेक्टर में 434 लोगों को वैक्सीन लगाई गई जिसमें सर्व समाज के लोग ने शांति सद्भावना से अपने परिवार सहित लोगों को टीके लगवाए द्य

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं सेक्टर संयोजक रमेश दुबे ने बताया की 31 अप्रैल से इस अभियान की शुरुआत की गई थी लगातार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की मदद से लोगों को टीकाकरण लगाए जाने में मदद मिल रही है इस अभियान में अभी तक 30,000 से अधिक का आंकड़ा पहुंच चुका है उन्होंने लोगों से अपील की कि लोगों के द्वारा फैलाई जा रही बातों में ना आकर अधिक से

अधिक संख्या में सेक्टर पर पहुंचकर लोगों का टीकाकरण कराएं कुछ शासन की व्यवस्थाएं आप सबकी मदद अति आवश्यक है बैक्सी ना होने के कारण कुछ दिनों के लिए सेंटर पर टीकाकरण नहीं हो सका अब वैक्सीन की कोई कमी नहीं है सभी लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी लोगों में काफी जाग्रता है और लोग वैक्सीन के लिए सेक्टर पर पहुंच रहे हैं केंद्र की नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के शिवराज सिंह चौहान की भाजपा सरकार है प्रदेश की जनता के साथ वैक्सीन अभियान में लगी हुई है ।

अभियान में भाजपा नेता रामदास सोनी एडवोकेट, लटूरी प्रसाद शर्मा, राजीव दीक्षित, कुलदीप सिंह कुशवाह, अनिल दुबे अनु, दिलीप बोहरे ,छोटन तोमर, विकास शर्मा ,भूरे गुरभेले प्रमुख उपस्थित थे ।

दुर्लभ रक्त समूह का रक्तदान कर बचाई जान

पुष्पाजली टुडे

बेंगलुरु– *रक्तदाता विघ्नहर्ता* वाकई में रक्तदाता साक्षात जीवनदान देता है। ऐसी ही एक मिशाल पेश की बैंगलोर के मनोज देवासी ने। शहर के किदवई अस्पताल में भर्ती ब्लड कैंसर मरीज मेरी जेसिंटा (38) को प्लेटलेट्स कम होने पर इमरजेंसी में बी नेगेटिव रेयर फ्रेश ब्लड की जरूरत पड़ने पर परिजनों के द्वारा परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों सब का ब्लड ग्रुप टेस्ट करवाया, लेकिन किसी का भी ब्लड मैच नहीं हुआ। तो परिजनों द्वारा रक्तदान महादान गौभक्त संगठन ट्रस्ट, मैसूरू- बैंगलोर के राष्ट्रीय संस्थापक गौपुत्र प्रकाश राठौड़ से संपर्क किया, राठौड़ ने तुरंत प्रभाव से संगठन के अध्यक्ष देवेन्द्र परिहारिया व अमित दक को केस की संपूर्ण जानकारी देते हुए उक्त ब्लड ग्रुप के रक्तदाता की तलाश में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद मनोज देवासी बी नेगेटिव आगे आएं और अपना पहला रक्तदान किया। रक्तवीर का हौंसला देखकर परिजनों व अस्पताल स्टाफ ने संगठन व रक्तदाता को धन्यवाद दिया।



संदिग्ध परिस्थितियों में घर के आंगन में मिला युवक का शव

2 दिन पूर्व अपनी ससुराल आया था मृतक युवक

सोनू कुमार माथुर ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे

एटा। सोमबार को जनपद के थाना मारहरा क्षेत्र के नगरिया ताड में एक व्यक्ति का शव मंगल सिंह पुत्र काशीराम के घर के आंगन में पड़ा हुआ मिला। इस सूचना पर मारहरा पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भिजवाया। मृतक दीप चंद्र पुत्र बेनीराम उम्र करीब 45 वर्ष निवासी गुड़गुडी थाना सहावर जिला कासगंज निवासी है जो 2 दिन पूर्व अपनी ससुराल अपने साले मंगल सिंह के घर आया था, मृतक का अपनी पत्नी के साथ विवाद भी चल रहा था। मृतक के तीन बच्चे हैं, जिनमें से दो मृतक के साथ रहते थे व एक उसकी पत्नी के साथ रहता है। बताया गया कि मृतक ने बीती रात को शराब का सेवन भी किया था। फील्ड यूनिट तथा डॉग स्क्वायड टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई है। थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

दस्तक अभियान आज से -18 अगस्त तक चलेगा अभियान

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे

भोपाल। बच्चों में होने वाली विभिन्न बीमारियों का पता लगाकर उनके समुचित उपचार के उद्देश्य से दस्तक अभियान सोमवार 19 जुलाई से 18 अगस्त 2021 तक आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त दल ए.एन.एम., आशा, एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता द्वारा 5 वर्ष तक की उम्र के बच्चों वाले परिवारों के घर-घर जाकर बच्चों में प्रायः पाई जाने वाली बीमारियों की सक्रिय पहचान एवं उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जायेगा। दस्तक अभियान का उद्देश्य 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में प्रमुख बाल्यकालीन बीमारियों की सामुदायिक स्तर पर सक्रिय पहचान एवं त्वरित प्रबंधन करना है, जिससे बाल मृत्यु दर में वांछित कमी लाई जा सके।

उल्लेखनीय है कि माह जून-जुलाई में सघन दस्त रोग नियंत्रण पखवाड़ा आई.डी.सी.एफ. गतिविधियां भी आयोजित की जाना है, जिन्हें दस्तक अभियान की गतिविधियों के साथ 19 जुलाई से 18 अगस्त 2021 तक आयोजित किया जायेगा।

9 माह से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का विटामिन 'ए' अनुपूरण पृथक से न कर दस्तक अभियान अंतर्गत दिनांक 19 जुलाई से 18 अगस्त 2021 तक घर-घर जाकर किया जायेगा तथा रिपोर्टिंग भी दस्तक अभियान अंतर्गत दस्तक मॉनिटरिंग टूल में की जायेगी।

समुदाय में बीमार नवजातों और बच्चों की पहचान प्रबंधन एवं रेफरल। 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में शैशव एवं बाल्यकालीन निमोनिया की त्वरित पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल। 5 वर्ष से कम उम्र के गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान, रेफरल एवं प्रबंधन। 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में गंभीर एनीमिया की सक्रिय स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन। 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बाल्यकालीन दस्त रोग की पहचान एवं नियंत्रण हेतु ओ.आर.एस. एवं जिंक के उपयोग संबंधी सामुदायिक जागरूकता में बढ़ावा एवं प्रत्येक घर में गृहमेंट के दौरान ओ.आर.एस. पहुँचाना। सधन दस्त रोग पखवाड़ा-ई.डी.सी.एफ. गतिविधि आयोजन 9 माह से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को विटामिन ए अनुपूरण। बच्चों में दिखाई देने वाली जन्मजात विकृतियों एवं वृद्धि विलंब की पहचान। समुचित शिशु एवं बाल आहारपूर्ति संबंधी समझाइश समुदाय को देना। एस.एन.सी.यू एवं एन.आर.सी से छुट्टी प्राप्त बच्चों में बीमारी की स्क्रीनिंग तथा फॉलोअप को प्रोत्साहन। गृह भेंट के दौरान आंशिक रूप से टीकाकृत एवं छूटे हुये बच्चों की टीकाकरण स्थिति की जानकारी लेना।

दस्तक अभियान के दौरान यदि किसी बच्चे में कोविड-19 के लक्षण यथा पिछले 3 दिन से बुखार, सांस लेने में कठिनाई, कोविड-10 संक्रमित व्यक्ति के संपर्क की हिस्ट्री हो, आदि मिलने पर बच्चे को कोविड-19 की जांच हेतु रेफर किया जायेगा।

अभियान की पूर्व तैयारियों हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि सर्वे अद्यतन एवं ड्यू लिस्ट अभियान के पूर्व आशाओं द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों की नामजद सूची अद्यतन की जावे तथा ए.एन.एम. के माध्यम से विकास खण्ड स्तर पर जमा की जाये। विकासखंड स्तर पर दस्तक मॉनिटरिंग टूल में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों की नामजद जानकारी इन्द्राज की जाये, जिससे दस्तक अभियान हेतु अपडेटेड इयू लिस्ट उपलब्ध हो।

पुरातत्व, पर्यटन और संस्कृति सीधी और राजा बीरबल'

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे

(लेखक श्रेयस गोखले जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद् सीधी के प्रभारी अधिकारी हैं)

सीधी । भारत कथाओं का देश है। हमारे वैदिक, पौराणिक व ऐतिहासिक ग्रंथ लाखों कथाओं से भरे हुए हैं। लोकमानस में आदिकाल से रची बसी ये कथाएं समय के साथ लिखित अथवा वाचिक परंपरा से एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचती गई हैं। अनेक ऐतिहासिक व्यक्तियों का व्यक्ति-चित्रण भी ऐसी ही कथाओं के माध्यम से हम तक पहुंचा है। चाहे वे सम्राट अशोक हों, महाराज विक्रमादित्य हों, महाराणा प्रताप हों, बादशाह अकबर हों अथवा छत्रपति शिवाजी हों, हम सभी महान व्यक्तियों को उनसे जुड़ी हुई महान गाथाओं एवं कथाओं से ही जानते हैं। जब कथाएं भौगोलिक, राजनैतिक व पुरातात्विक तथ्यों से प्रमाणित हो जाती हैं तब वे और अधिक सुदृढ़ इतिहास बन जाती हैं।

सीधी जिले एवं राजा बीरबल के संबंध में भी ऐसी ही अनेक कथाएं आज भी जनमानस में रूढ़ हैं। लोक में यह कथा प्रचलित है कि राजा बीरबल का जन्म वर्तमान सीधी जिले के घोघरा ग्राम में हुआ था। राजा बीरबल के विषय में अधिक जानकारी तो प्राप्त नहीं है किंतु उपलब्ध ऐतिहासिक स्रोतों से राजा बीरबल का जन्म घोघरा में होने का सीधा प्रमाण प्राप्त नहीं है एवं उनके घर व परिवार से संबंधित कोई स्थल भी यहां ज्ञात नहीं है। किंतु यह बिल्कुल स्पष्ट है कि उनका घोघरा देवी मंदिर से गहरा संबंध है। श्री पी.पी. सिन्हा द्वारा 1980 में लिखी हुई राजा बीरबल के संबंध में सबसे प्रमुख ऐतिहासिक पुस्तक श्राजा बीरबल-लाइफ एंड टाइम्सश् के अनुसार राजा बीरबल रीवा राज्य के तत्कालीन महाराजा रामचंद्र देव के दरबारी कवि थे। अतः स्वाभाविक ही है कि घोघरा देवी का मंदिर बघेल वंश हेतु महत्वपूर्ण स्थान होने से राजा बीरबल का यहां आवागमन व आस्था रही होगी।

1907 में श्री. सी.ई.लुआर्ड द्वारा संकलित रीवा राज्य गजेटियर के अनुसार राजा बीरबल एवं घोघरा मंदिर के विषय में कथा है कि घोघरा ग्राम जो सिहावल के 18 मील पश्चिम में है, वहां चंडी देवी के मंदिर में चंदैनिया के एक

ब्राम्हण रघुवीर राम ने 12 वर्ष तक लगातार देवी की पूजा की। मंदिर परिसर साफ करने में उनकी बहन के पुत्र बीरबल उनकी सहायता करते थे। एक दिन जब बीरबल मंदिर में झाड़ू लगा रहे थे और रघुवीर राम वहां नहीं थे, अचानक बीरबल को चोट लगी और उनकी छोटी उंगली से थोड़ा रक्त गिरकर देवी की मूर्ति पर लग गया। देवी ने प्रसन्न होकर बीरबल को वरदान दिया कि वे जो बोलेंगे वह सच हो जाएगा। मंदिर से निकलकर वे समीप में मछली पकड़ते हुए एक केवट के पास पहुंचे उन्होंने उससे कहा कि पानी में डूबे उसके मछली पकड़ने के कांटे में पक्षी (स्थानीय जनों के अनुसार चातक पक्षी) फंसा हुआ है। बीरबल की बात सुनकर केवट ने कांटा बाहर निकाला तो देखा तो सचमुच कांटे में पक्षी फंसा हुआ था। उसी रात को देवी ने बीरबल के सपने में आकर कहा कि ऐसी शरारत में अपना वरदान व्यर्थ करने की जगह उसे राजा के दरबार में जाना चाहिए। इसी के कुछ समय बाद वे अकबर के दरबार में पहुंचे जहां उन्होंने बहुत नाम कमाया। यही कथा सीधी के प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ संतोष सिंह चौहान जी ने भी अपनी पुस्तक ''शोण घाटी का वैभव'' में उल्लिखित की है। उपरोक्त कहानियों से यह तो माना ही जा सकता है कि बीरबल का बालक के रूप में जन्म भले ही यहां ना हुआ हो पर तब भी राजा बीरबल का वह कवि और हाजिरजवाब स्वरूप जिस कारण हम उन्हें आज भी याद करते हैं, उसका जन्म तो घोघरा में ही हुआ था। अतः बीरबल को बीरबल बनाने वाला स्थान सीधी का घोघरा ही है, यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी।

घोघरा मंदिर की पहाड़ी से नीचे की और दो प्राचीन गुफाएं हैं जहां ऐसा माना जाता है कि रघुवीर और बीरबल रहा करते थे। उसके और नीचे एक जलधारा है जिसमें वे स्नान किया करते थे। यही जलधारा आगे जाकर सोन में मिल जाती है।

आज बीरबल से संबंधित कितनी ही कहानियां बच्चों व बड़ों के मन को भाती हैं एवं न्याय व बुद्धिमत्ता की शिक्षा देती हैं। किंतु एक दरबारी, सेनापति, प्रशासक, राजनयिक, साहित्यकार, राजा के मित्र व वैष्णव परंपरा के मूर्धन्य विद्वान राजा बीरबल के चरित्र का समग्र अध्ययन एक विचारणीय विषय है। सीधी जिले एवं घोघरा का यह सौभाग्य ही है कि इसने यह रत्न भारत देश को दिया है।

संदर्भ साभार-

1. रीवा स्टेट गजेटियर, भाग-4, 1907, श्री सी एल लुआर्ड, पृ. 83
2. राजा बीरबल लाइफ एंड टाइम्स,1980, श्री पी.पी. सिन्हा, पृ.29
3. शोण घाटी का वैभव, 2014, डॉ. संतोष सिंह चौहान पृ.111

चित्र साभार

1.श्री.अजीत सिंह बघेल
2.विकिपीडिया कॉमन्स, मुक्त स्रोत

वन-टू-वन

हॉलमार्क पर सेमीनार का आयोजन 20 जुलाई को 'चेम्बर भवन' में

ग्वालियर। भारतीय मानक ब्यूरो, भोपाल (ब्यूरो ऑफ इण्डियन स्टेंडर्स) एवं एमपीसीसीआई, ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 20 जुलाई को हॉलमार्क पर एक सेमीनार का आयोजन दोपहर 3.00 बजे 'चेम्बर भवन' में किया गया है। एमपीसीसीआई, अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि उपरोक्त सेमीनार में सभी ज्वेलर्स शामिल हो सकते हैं । उक्त सेमीनार में मुख्य वक्ता, होलमार्किंग कोर्डिनेटर, भारतीय मानक ब्यूरो, भोपाल, आकांक्ष मिश्रा द्वारा पॉवर पॉइन्ट प्रेजेंटेशन के माध्यम से व्यवसाईयों को विस्तृत जानकारी से अवगत कराया जाएगा । साथ ही, स्वर्ण कारोबारियों की जिज्ञासाओं का उत्तर भी दिया जाएगा । पदाधिकारियों ने शहर के सभी ज्वेलर्स से उपरोक्त सेमीनार में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर, हॉलमार्क की जानकारी से लाभांवित होने की अपील की है ।

दालों की लिमिट 500 मैट्रिक टन प्रति व्यापारी किये जाने पर कैट ने पीयूष गोयल का आभार माना

ग्वालियर। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा निरंतर दालों की लिमिट को कम किये जाने को लेकर केन्द्रीय वाणिज्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल से संपर्क किया जा रहा था। दो दिन पहले एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी देशभर के व्यापारियों के साथ इस पर होने वाली कठिनाई से अवगत कराया गया था। इसका नोटिफिकेशन आ गया है और पीयूष गोयल ने इस लिमिट को 500 मैट्रिक टन प्रति व्यापारी कर दिया है। इस पर कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन एवं अन्य सभी पदाधिकारियों ने कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया, राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल एवं केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

दिल के पुराने मरीजों को भी फायदा होगा, ओपीडी शुरु

ग्वालियर। एनसीआर के कई मरीजों की सेवा करने के साथ ही कार्डियक साइंस के क्षेत्र में दशकों से शानदार प्रदर्शन कर रहे मैक्स सुपर स्पेशियल्टी हॉस्पिटल ने अब अपनी जनसेवा का विस्तार ग्वालियर तक कर लिया है। मैक्स मेड सेंटर में हृदय संबंधी रोगों की विशेष ओपीडी सेवा शुरू होने से स्थानीय निवासियों और इस क्षेत्र के आसपास के लोगों को बहुत फायदा होगा। ओपीडी सेवा का उद्घाटन मैक्स हॉस्पिटल के सीटीवी एस विभाग के निदेशक और प्रमुख डॉ. वैभव मिश्रा की मौजूदगी में किया गया। सोमवार से ही शुरू हुई कार्डियोलॉजी ओपीडी प्रतिमाह तीसरे शनिवार को सुबह 11 बजे से 2 बजे तक खुली रहेगी।

करंट से महिला और किशोर की मौत

ग्वालियर। डबरा के चांदपुर इलाके में खेत में पड़े बिजली के तार से करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चांदपुर निवासी 55 वर्षीय गम्माबाई अपने खेत में काम कर रही थी। तभी टूटे पड़े बिजली के तार पर उसका पैर पड़ गया और करंट लगने से उसकी मौके पर ही उनकी मौत हो गई। उधर भितरवार में अरमान खान पुत्र सफी खान (16) की भी करंट से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।

निगम अमले ने जल निकासी के लिए तत्परता से की कार्रवाई

ग्वालियर। शहर में हुई जोरदार पहली बारिश से जहां शहर के नागरिकों को गर्मी से राहत मिली, वहीं जलभराव वाले क्षेत्रों में भी लोगों को तुरंत हुई जल निकासी से भी राहत मिली। बारिश के बाद शहर में जहां भी जलभराव हुआ निगम का अमला तुरंत वहां पहुंचा और जल निकासी के लिए आवश्यक कार्यवाही कर जल का निकास करवाया। शहर के नागरिकों को पर्याप्त पेयजल के लिए तिघरा जलाशय को पूरा भरने एवं भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए हम सभी पिछले काफी दिनों से बारिश का इंतजार कर रहे थे, जैसे ही आज पहली बार सीजन की झमाझम बारिश आई तो शहर वासियों के चेहरे खुशी से खिल गए । नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को पूर्व में ही निर्देश दिए गए थे।

नागरिक कोविड अनुरूप व्यवहार करें इसके लिए इंसीडेंट कमाण्डर नियमित करें भ्रमण: कलेक्टर

अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

ग्वालियर/ कोविड-19 का संक्रमण अब न फैले, इसके लिए सावधानी आवश्यक है। आम जन कोविड अनुरूप व्यवहार करें, इसके लिए जन जागरूकता जरूरी है। सभी इंसीडेंट कमाण्डर अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को कोविड अनुरूप व्यवहार करने के लिए सचेत करें। समझाइश के पश्चात भी कोविड अनुरूप व्यवहार न करने वालों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई भी की जाए। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में सभी इंसीडेंट कमाण्डरों को यह निर्देश दिए हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में शासन की कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत किशोर कान्याल, अपर कलेक्टर आशीष तिवारी, एडीएम टी एन सिंह, रिंकेश वैश्य सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर सिंह ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देश दिए

हैं कि वे स्वयं और अपने अनुभाग क्षेत्र में गठित दलों को सुबह-शाम बाजारों में भ्रमण कर लोगों को कोविड अनुरूप व्यवहार करने हेतु प्रेरित करें। भ्रमण के दौरान जो लोग कोविड अनुरूप व्यवहार समझाइश के पश्चात भी नहीं कर रहे हैं उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई भी करें। ऐसे बाजार जहां भीड़ अधिक होती है वहां पर जन जागरूकता के लिए अभियान के रूप में भी कार्य किया जाए।

कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में कोरोना की तीसरी लहर की संभावनाओं को देखते हुए जिले में की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्वालियर सहित अनुभागों में जो स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाएं प्रस्तावित हैं उनका क्रियान्वयन तेजी के साथ किया जाए। ऑक्सीजन प्लांट निर्माण का कार्य भी पूरी गति से किया जाए ताकि समय पर ऑक्सीजन प्लांट स्थापित होकर उनका उपयोग हो सके।

उन्होंने अनुविभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में ऐसे नर्सिंग कॉलेज जिन्हें कोरोना की तीसरी लहर के लिए अस्पताल निर्माण के साथ-साथ ऑक्सीजन लाइन डालने के निर्देश दिए गए हैं उनका निरीक्षण करें और कार्य को तेजी से पूर्ण कराएं। इसके साथ ही सभी अनुविभागीय अधिकारी अपने-अपने अनुभाग में टीकाकरण कार्य पर भी विशेष निगरानी रखें।

स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं का शहरवासियों को मिल रहा है लाभ: कलेक्टर सिंह

ग्वालियर। ग्वालियर स्मार्ट सिटी द्वारा चल रही परियोजनाओं का लाभ आमजन को मिल रहा है। जो परियोजनाएँ अभी प्रगतिशील हैं उन्हें भी जल्द पूर्ण करें जिससे शहरवासियों के जीवन में सुगमता आ सके। यह बात ग्वालियर ज़िलाधीश व ग्वालियर स्मार्ट सिटी के चेयरमैन श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने ग्वालियर स्मार्ट सिटी की समीक्षा बैठक में कही। इस बैठक में स्मार्ट सिटी द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई और कार्यों को समय-सीमा में कैसे पूर्ण किया जा सकता है, इसकी रणनीति भी बनाई गई।

आज रविवार को ग्वालियर स्मार्ट सिटी की समीक्षा बैठक मोतीमहल स्थित ग्वालियर स्मार्ट सिटी कार्यालय में आयोजित हुई जिसमें ग्वालियर कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह, निगमायुक्त श्री शिवम वर्मा, ग्वालियर स्मार्ट सिटी सी?ई?ओ? श्रीमती जयति सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में ग्वालियर स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती जयति सिंह द्वारा क्रियान्वित परियोजनाओं की प्रगति का प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि ग्वालियर स्मार्ट सिटी द्वारा जो हेरिटेज मोड्यूल के अंतर्गत कार्य किया जा रहा है वह सराहनीय है। श्री सिंह ने हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित आइसेक

अवार्ड में प्रोजेक्ट अवार्ड जीतने पर स्मार्ट सिटी टीम को बधाई दी। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में कहा कि जो परियोजनाएँ पूर्ण हो चुकी हैं उनका उपयोग जनता द्वारा किया जाए इसके लिये व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि टाउन हॉल में कला व संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु कोविड गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ। स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाए तथा प्रति कार्यक्रम शुल्क का निर्धारण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति दी जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने कटोरा ताल पर निर्माणाधीन म्यूज़िकल फ़ाउंटेन को जल्द शुरू करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 15 अगस्त की सांध्य पर कटोराताल पर कार्यक्रम आयोजित करने का होना चाहिये। मोतीमहल स्थित आर?ए?सी?डी?सी? का संचालन हस्तशिल्प एवं हस्तकरघा विभाग द्वारा किए जाने पर सैधान्तिक सहमति प्रदान की। साथ ही विभाग से भवन के रख रखाव हेतु एक न्यूनतम शुल्क लिया जाए । कलेक्टर श्री सिंह ने कहाँ की वह जल्द ही महाराज बाड़ा स्थित केंद्रीय पुस्तकालय को देखने जाएंगे। निगमायुक्त श्री शिवम वर्मा ने कलेक्टर को पुस्तकालय के इतिहास व वहां मौजूद महत्वपूर्ण पुस्तकों के बारे में जानकारी दी। ग्वालियर स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती सिंह ने बैठक में उपस्थित सदस्यों को डिजिटल लाइब्रेरी में किये गए निर्माण कार्य, अत्याधुनिक आईटी कार्य तथा पाठकों व छात्रों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्वालियर में जयविलास पैलेस से मांडरे की माता तक स्मार्ट रोड़ बनाने का कार्य तेज गति से प्रगतिरत है शीघ्र ही प्रथम चरण का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके साथ ही गोरखी स्कूल का पुनर्निर्माण परियोजना का कार्य भी प्रगतिरत है। इसमें पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन पर आधारित एक म्यूजियम भी स्थापित किया जायेगा। स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित किए जाने वाले आईएसबीटी बस स्टेण्ड, एलईडी स्ट्रीट लाईट, डिजिटल लाइब्रेरी इत्यादि महत्वपूर्ण परियोजना के बारे में भी बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में पर्यावरण का ध्यान रखा जाये जिस पर स्मार्ट सिटी सीईओ ने जानकारी दी कि ग्वालियर स्मार्ट सिटी द्वारा इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। स्मार्ट रोड के निर्माण में जो पेड़ निर्माण के लिये हटाए जाने हैं उन्हें काटा नहीं जाएगा अपितु उन्हें ट्रांसप्लांट किया जाएगा।

देवर ने भाभी को छेड़ा कपड़े फाड़े

ग्वालियर। मायके मैं रह रही महिला को उसका देवर ससुराल ले जाने के लिए आया इसी बीच देवर ने भाभी के साथ छेड़छाड़ कर दी महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके कपड़े फाड़ दिए और भाग गया ।पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के तेजेन्दर नाथ की गली निवासी 26 साल की महिला की शादी पड़ाव थाना क्षेत्र के लक्ष्मण पुरा में हुई है ।2 दिन पहले ससुराल में विवाद हो जाने पर वह अपने मायके आ गई थी ।बीती शाम उसका देवर भाभी को ससुराल ले जाने के लिए आया। लेकिन महिला ने कहा कि पति के आने पर ही वह जाएगी। इस पर देवर ने उससे कहा कि और उसकी बात माने तो ससुराल में कोई कुछ नहीं कहेगा। इसके बाद उसने अपनी भाभी के साथ छेड़छाड़ कर दी महिला के विरोध करने पर आरोपी ने कपड़े फाड़ दिए जब महिला चिल्लाई तो उसका देवर भाग निकला ।

कट्टे की नोंक पर युवक को किया अगवा, जंगल में बंधक बनाकर की मारपीट, पुलिस पहुंचते ही भागे बदमाश

ग्वालियर। रिश्तेदार का इंतजार कर रहे युवक को चार बदमाशों ने पुरानी रंजिश पर अगवा कर जंगल ले गए और कट्टा अड़ाकर उसकी मारपीट कर दी। घटना मोहना थाना क्षेत्र के पाटई रोड की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी की तो आरोपी अपहृत को छोड़कर भाग गए। घायल युवक को उपचार के लिए भेजकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

मोहना थाना क्षेत्र के पाटई निवासी सुनील पुत्र सुरेश धाकड़ प्राइवेट जॉब करता है। रविवार की शाम सुनील पाटई तिराहे पर अपने रिश्तेदार का इंतजार कर रहा था। तभी वहां

पर गांव में रहने वाला जसवंत सिंह धाकड़ अपने तीन अन्य साथियों के साथ आया और आते ही उन्होंने उसे बाइक से उतारा और कट्टा अड़ाकर दूसरी गाड़ी पर जबरन बिठाकर जंगल में ले गए।

बदमाशों ने की मारपीट

जंगल में ले जाने के बाद एक बदमाश उस पर कट्टा ताने रहा, जबकि तीन ने बका तथा लात घूसों से मारपीट की। बेरहमी से मारपीट कर रहे बदमाशों को तलाशते हुए जब पुलिस जंगल में पहुंची तो आरोपी उसे पार्वती नदी के पास छोड़कर भाग गए। पुलिस ने अपहृत को उपचार के लिए भर्ती कराकर आरोपियों के खिलाफ अपहरण, मारपीट तथा एमपीडीके एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस नहीं पहुंचती तो हो जाती बड़ी घटना

पीड़ित ने बताया कि हमलावरों के तेवर खतरनाक थे और वह उसकी पीट-पीटकर जान भी ले सकते थे। समय रहते पुलिस उन्हें तलाशती हुई आ गई और हमलावर उसे छोड़कर भाग गए। पुलिस जांच में पता चला है कि जमीनी विवाद को लेकर हमलावर व फरियादी में पुरानी रंजिश चल रही है। इससे पहले फरियाादी पक्ष ने भी आरोपी पक्ष की मारपीट की थी।

एसडीओपी घाटीगांव प्रवीण अष्ठाना का कहना है कि युवक को अगवा कर मारपीट करने वालों पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। अभी हमलावर फरार हैं और जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478